आषाढ़ शुक्ल पक्ष -8, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 23 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
13 जुलाई 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
27 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए-इंडिया की पहली भिड़ंत, 7 राज्यों की 13 सीटों पर मतगणना

# उपचुनाव में अजब नतीजे, कई सीटों पर कांग्रेस की बढ़त, अमरवाड़ा हुआ रोमांचक





**भोपाल/ नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के एक महीने के बाद ही देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए आज परिणाम कई जगह चौंकाने वाले आ रहे हैं। मतगणना में मप्र के हाइप्रोफाइल जिले छिंदवाड़ा की अमरवाडा सीट पर सत्तारूढ़ भाजपा उम्मीदवार लगातार पिछड़ रहा है। लेकिन अंतिम क्षणों तक मुकाबला रोमांचक बना हुआ है। वहीं हिमाचल की तीन सीटों में से एक भाजपा के खाते में गई है। उत्तराखंड की दोनों सीटों पर कांग्रेस आगे है इनमें बदरीनाथ सीट भी शामिल है। बंगाल की चारों सीटों पर तृणमूल कांग्रेस भारी लीड ले रही है। हालांकि अंतिम परिणाम अभी घोषित नहीं हुए हैं। सभी राज्यों में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के साथ क्षेत्रीय दलों के बीच भी है।

अब तक (दोपहर एक बजे)की मतगणना से ऐसा लग रहा है कि मप्र की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा को झटका लग रहा है। यहां शुरू में आगे चल रहे भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह लगातार पीछे हो रहे है। उनका मुकाबला कांग्रेस के धीरेन शाह से है। धीरेन 6 हजार मतों से आगे हो गए थे लेकिन 14वें राउंड में उनकी बढ़त 3 हजार के आसपास रह गई थी।17 राउंड के बाद लीड सिमट कर 1 हजार हो गई। भाजपा को 53891, कांग्रेस को 56852 व गोंगपा को 23269 मत मिले हैं। अब तक 147272 वोट की गिनती पूरी हुई है। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी के मोहिंदर भगत को एक तरफा 37 हजार मतों से जीत मिली है। जबकि हिमाचल प्रदेश की तीन और उत्तराखंड की दो विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव में हिमाचल की देहरा और नालागढ़ सीटों पर कांग्रेस आगे है। जबकि हमीरपुर सीट भाजपा ने जीत ली है। यह सीटें राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले तीन





निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थीं। भाजपा ने इन पूर्व निर्दलीय विधायकों को पार्टी में शामिल होने के बाद उनकी संबंधित सीटों से मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने देहरा सीट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू की पत्नी कमलेश ठाकुर जीत गई है। वहीं एक अन्य पहाड़ी राज्य उत्तराखंड की मंगलौर विधानसभा सीट पर बीएसपी, कांग्रेस और बीजेपी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। जबकि बदरीनाथ विधानसभा सीट पर भाजपा के राजेंद्र भंडारी और कांग्रेस उम्मीदवार लखपत सिंह बुटोला के बीच सीधा मुकाबला है। यहां भंडारी पिछडते दिख रहे हैं। भंडारी लोकसभा चुनावों से पहले विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में में शामिल हो गए थे। बिहार के रुपौली में जेडीयू उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल और जेडीयू से राजद में गई बीमा भारती पीछे हैं तथा उलटफेर में निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह आगे हो गए। दरअसल यह लोकसभा चुनाव के बाद एनडीए और इंडिया ब्लॉक के बीच पहला चुनावी मुकाबला है। पिछले चुनावों में इन 13 सीटों में से भाजपा ने 3 सीटें जीती थीं। अन्य 10 में से कांग्रेस ने 2 और अन्य पार्टियों ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

## उम्मीदवारों के चयन से मुकाबला बना रोमांचक

गौरतलब है कि अमरवाडा सीट कांग्रेस का गढ रही है। कमलेश शाह यहां कांग्रेस के टिकट पर जीतते रहे हैं। लेकिन हाल में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था, लिहाजा यहां कमलनाथ की पसंद से धीरेन शाह को उम्मीदवार बनाया गया, इसके लिये वे सहकारी समिति की नौकरी से इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। वे छिंदवाडा में आदिवासियों के आराध्य स्थल आंचलकुंड दरबार के सेवादार परिवार से हैं। यहां तीन दिन कमलनाथ डेरा डाला था वहीं बाद के दिनों में जीतू पटवारी, उमंग सिंहार और नकुलनाथ ने चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी।

## भाजपा ने जीत के लिए झोंकी थी पूरी ताकत

भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा की ओर से सीएम मोहन यादव, मंत्री संपतिया उइके, प्रहलाद पटेल सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, भाजपा जिला अध्यक्ष शसमेत आधा दर्जन नेताओं ने चुनाव प्रचार की कमान संभाले रखी थी।मोहन यादव ने तीन बार क्षेत्र का दौरा किया। वहीं संपतिया उइके तो अमरवाड़ा में ही डेरा डाले रहीं। वहीं संगठन से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, हितानंद शर्मा और तमाम नेता लगातार प्रचार में जुटे रहे। लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत बाद यह उप चुनाव भाजपा की प्रतिष्ठा से सीधा जुड़ गया है।


## आश्रम से लापता किशोर फुलकी खाता मिला!

**इंदौर, एजेंसी।**

खंडवा रोड स्थित परमानंद आश्रम से आठ जुलाई को लापता हुआ मानसिक रूप से बीमार किशोर आनंद यहीं के मरीमाता चौराहे पर पानीपुरी खाते मिला। बाणगंगा पुलिस किशोर को तेजाजी नगर थाने लेकर पहुंची। देर रात कागजी कार्रवाई के बाद आनंद को परमानंद आश्रम में शिफ्ट कर दिया गया। आठ जुलाई को शाम चार बजे आनंद पिता धनसिंह (16) अचानक परमानंद आश्रम से लापता हो गया था। इसके बाद सीसीटीवी से लेकर ड्रोन कैमरे तक से तलाश की गई थी। युगपुरुष धाम आश्रम संचालिका डा. अनिता शर्मा ने बताया कि मरीमाता चौराहे पर आनंद एक पानीपुरी बेचने वाले के पास पहुंचा और पानी पुरी खाई। इसके बाद वह बिना पैसे दिए जाने लगा। पानीपुरी वाले ने उसे पकड़ा तो उसकी टी-शर्ट पर 'श्री युगपुरुष धाम बौद्धिक विकास केंद्र' लिखा देखा। चूंकि इंटरनेट मीडिया पर किशोर के फोटो बहुप्रसारित हो चुके थे इसलिए लोगों ने उसे पहचान लिया

## जनसंख्या विस्फोट
## भारत की आबादी 2085 में चीन से दोगुनी होगी

**नई दिल्ली।** जनसंख्या पर संयुक्त राष्ट्र की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के



अनुसार, साल 2100 तक भारत की आबादी लगभग 1.5 अरब हो जाएगी, जो चीन की 633 करोड़ की आबादी से दोगुनी से भी ज्यादा होगी। ये आंकड़े बताते हैं कि आने वाले सालों में भारत के पास बहुत बड़ी जनसंख्या होगी, जो देश के विकास में मददगार हो सकती है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि साल 2085 तक भारत की आबादी (1.61 अरब) चीन की आबादी (806 करोड़) से दोगुनी हो जाएगी और यह अंतर आगे और बढ़ता चला जाएगा। 2085 में भारत जनसंख्या के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच जाएगा। गुरुवार को जारी 'वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024' रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी।

## पार्टी की हालत खराब.., भाजपा नेता के बयान से उप्र में भूचाल



**लखनऊ, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के एक भाजपा विधायक ने कल होने वाली कार्यसमिति की बैठक से पहले अपनी ही पार्टी और संगठन को असहज कर दिया है। विधायक रमेश मिश्र ने यूपी में पीडीए की तुलना में भाजपा को कमजोर बताया है। उन्होंने इसको लेकर वीडियो भी जारी किया है। जौनपुर की बदलापुर सीट से विधायक रमेश मिश्रा की मानें तो मौजूदा सरकार की स्थिति बहुत खराब है. इस स्थिति को देखते हुए 2027 में भाजपा की सरकार नहीं बनती हुई दिखाई पड़ रही है। मिश्रा ने कहा है कि साल 2027 का विधानसभा चुनाव जीतने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को बड़ा निर्णय लेना पड़ेगा। भाजपा विधायक के इस बयान ने सियासी भूचाल ला दिया है।

## 23 राज्यों में प्रचंड बारिश से हालात बिगड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इस वक्त देश के दो दर्जन राज्यों में जमकर मानसूनी बारिश जारी है। पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश आसमान से आफत बनकर टूट रही है। उत्तराखंड के जोशीमठ में भूस्खलन के चलते बंद बदरीनाथ हाईवे 83 घंटे बाद खुल गया है। हाईवे बंद होने से लगभग साढ़े चार हजार यात्री जगह-जगह फंस गए थे। बिहार में बिजली गिरने से बीते 24 घंटे में 21 और लोगों की जान चली गई है। असम में बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी 12 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।मौसम विभाग ने कहा है कि देश के 23 राज्य में अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिन भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा जारी है। गुजरात क्षेत्र, कोंकण और गोवा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई है।



### मध्यप्रदेश में 8 जिले ही भीगेंगे

*इधर मध्यप्रदेश से ट्रफ लाइन भले ही दूर निकल गई हो, लेकिन उत्तरी गुजरात में एक्टिव साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से कुछ जिलों में बारिश का दौर जारी है। कल रात तक भोपाल-इंदौर समेत 12 जिले भीगे, जबकि शनिवार को 8 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, डिंडौरी, पांढुर्ना, सागर, दमोह में तेज बारिश का अलर्ट है।*

## एलन मस्क ने ट्रंप के समर्थक समूह को दिया भारी चंदा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव में अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने जो बाइडेन के प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान के लिए 'ग्रेट अमेरिका पीएसी' को भारी मात्रा में चंदा दिया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। हालांकि चंदे की राशि का खुलासा नहीं किया, लेकिन इसे एक 'बड़ी राशि' बताया जा रहा है। 'द ग्रेट अमेरिका पीएसी' 15 जुलाई को दानदाताओं की सूची का खुलासा करेगा। इस समूह ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में भी डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया था। इसकी स्थापना उसी साल एरिक बीच ने की थी, जो एक राजनीतिक रणनीतिकार और



रिपोर्ट का दावा

राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियानों के अनुभवी हैं। ट्रंप को आधिकारिक तौर पर पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने की संभावना है। इससे पहले मार्च में ट्रंप ने मस्क और अन्य अमीर दानदाताओं के साथ बैठक की थी।

**आज का कार्टून**





**मेट्रो एंकर** केन्द्र ने बदले कई नियम, तबादला पोस्टिंग में एलजी की मंजूरी हुई जरूरी....

# चुनाव पूर्व दिल्ली जैसे शक्तिमान बन जाएंगे कश्मीर के एलजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अब केंद्र सरकार ने जम्मू- कश्मीर को भी दिल्ली जैसे संवैधानिक अधिकार देने की तैयारी कर ली है। जम्मू कश्मीर के एलजी को अब प्रशासनिक शक्तियां दी जाएंगी। वहां भी सरकार बिना एलजी के अनुमति के ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं कर सकेगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों को अधिसूचित किया है। जिसमें एलजी को अधिक शक्ति देने वाली नई धाराएं शामिल की गई हैं।

हालांकि जब से जम्मू कश्मीर का पुनर्गठन हुआ है तब से वहां चुनाव नहीं हुए हैं। लेकिन जब भी चुनाव होंगे और सरकार का गठन होगा तो चुनी हुई सरकार से ज्यादा शक्तियां उपराज्यपाल के पास रहेंगी। ये शक्तियां ठीक वैसी ही हैं जैसे दिल्ली के एलजी के पास हैं। खबरों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत संशोधित नियमों में जो बिंदु जोड़ा गया है, उनमें 42ए के तहत कोई भी प्रस्ताव जिसके लिए अधिनियम के तहत 'पुलिस', 'सार्वजनिक व्यवस्था', 'अखिल भारतीय सेवा' और 'भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो' के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति जरूरी है, तब तक स्वीकृत या अस्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि इसे मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता है। इसी तरह 42बी- में अभियोजन स्वीकृति देने या अस्वीकार करने या अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि विभाग द्वारा मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा।



## इधर सुप्रीम कोर्ट ने एलजी को फटकारा

सुप्रीम कोर्ट ने कल दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना को इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई कि उन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण की ओर से अदालत में लंबित एक आवेदन के बावजूद, बिना उचित विचार किए रिज क्षेत्र (संरक्षित क्षेत्र) के पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने अदालत की पूर्व अनुमति लिए बिना पेड़ों को काटने के उपराज्यपाल के कदम पर कड़ी नाराजगी जताई। सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए रिज वन में 1,100 पेड़ों की कथित कटाई को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष के खिलाफ कोर्ट ने स्वतत्संज्ञान से अवमानना कार्यवाही की सुनवाई की। अदालत ने उपराज्यपाल की संलिप्तता को छिपाने के प्रयासों की भी निंदा की और कहा कि सुनवाई के पहले दिन ही उसे यह बता दिया जाना चाहिए था कि उपराज्यपाल ने पहले ही पेड़ों की कटाई के निर्देश जारी किये थे. सु। कोर्ट ने कहा, उपराज्यपाल ने पूरी तरह से विवेक का इस्तेमाल नहीं किया।

## कालिदास राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन शुरू, देशभर के 250 ज्योतिषी शामिल



*भोपाल। ज्योतिष मठ संस्थान भोपाल एवं कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन द्वारा पांचवां कालिदास राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन राजधानी में आज से शुरू हो गया है। यह दो दिवसीय आयोजन सुबह 10 बजे से नेहरू नगर स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) के सभागार में हुआ। इसमें देशभर के ज्योतिषाचार्य व विद्वान जुटें। इस सम्मेलन में भोपाल के पंडितों और ज्योतिषियों के अलावा पूरे देश से लगभग 250 अलग-अलग विधाओं के ज्योतिष विषय विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए थे। इसमें 40 से अधिक महिला ज्योतिषी भी शामिल हुए।*



भोपाल। विधायक भगवान दास सबनानी एवं क्षेत्रीय पार्षद जगदीश यादव द्वारा सरदार पटेल भवन के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में पाटीदार समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

### यूजी के फोर्थ ईयर का मामला

# इस बार भी कोर्स की कक्षाएं पहले और किताबें बाद में!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत कॉलेजों में अब यूजी फोर्थ ईयर शुरू होने जा रहा है। यह दो तरह ऑनर्स और रिसर्च विथ ऑनर्स में होगा। लेकिन, जुलाई का पहला पखवाड़ा बीतने को है, कोर्स की किताबें ही प्रकाशित नहीं हुई हैं। मप्र में एनईपी का यह चौथा साल है। जबकि एनईपी लागू होते ही यह तय था कि फोर्थ ईयर रहेगा फिर भी सिलेबस और किताबों का प्रकाशन समय से नहीं हुआ। अभी भी इसके प्रकाशन में दो महीने से भी ज्यादा का समय लग सकता है। मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी किताबों का प्रकाशन करती है।

जानकारी के मुताबिक इस बार कॉलेजों में लगभग एक लाख विद्यार्थियों के फोर्थ ईयर में प्रवेश लेने की संभावना है। इसके लिए प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो रही है तथा अगस्त से कक्षाएं लगेगी। माना जा रहा है कि इससे पढ़ाई प्रभावित होगी। जानकारों का कहना है कि फोर्थ ईयर की प्रक्रिया शुरू से धीमी गति से हुई। विभाग में सिलेबस तैयार करने का काम जून तक चलता रहा। वहीं हिंदी ग्रंथ अकादमी अधिकारियों का कहना है कि जब सिलेबस ही लेट मिला है तो वे क्या किया जा सकता था। अभी किताबों के लिए लेखन कार्य रहा है।

उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल फरवरी-मार्च से ही सिलेबस बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इसके लिए ऑनलाइन मीटिंग भी हुई। शिक्षकों की बड़ी टीम भी इस काम में लगाई गई थी। अब अकादमी की किताबें न होने से इसका सीधा लाभ प्राइवेट पब्लिशर उठाएंगे। सिलेबस देर से तैयार होने की प्रमुख वजह प्लानिंग की कमी रही। कहा जाता है कि एनईपी लागू होते ही सिलेबस पर काम होना था। इसके सारे फैसले ही जल्दबाजी में हुए लिहाजा किसी भी वर्ष किताबें समय पर प्रकाशित नहीं हो सकी।



### अनुभव के आधार पर अध्यापन

इस हालात में यदि कक्षाएं लगेंगी तो प्रोफेसर्स अपने अनुभव के आधार पर ही छात्रों को पड़ाएंगे। बिना किताब के छात्रों को समस्या होगी। बताया जाता है कि किताबों के लेखन के बाद अशुद्धि दूर करने के लिए इनकी दोबारा जांच होती है। इसके बाद प्रकाशन में भी समय लगता है। इस आलम मे यदि सितंबर तक भी किताबें मिल जाएं तो बड़ी बात ही होगी। बताते हैं कि विभाग को फोर्थ ईयर के लिए 80 से ज्यादा विषयों का सिलेबस तैयार करना था। लेकिन, कई विषयों का काम अब भी अधूरा है। अफसरों का भी मानना है कि किताबें जुलाई तक मिलना थी क्योंकि सिलेबस तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका था। जबकि अकादमी अफसर कह रहे हैं कि सिलेबस ही देरी से आया तो क्या किया जा सकता है।

# हवाई यात्रियों की संख्या से भोपाल एयरपोर्ट गुलजार, 24 घंटे खुला रखने की योजना



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट पर मुसाफिर बढ रहे हैं। यह देशभर के 68 डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स के मुकाबले इस मामले में तेज रफ्तार पकड़ रहा है। इस साल अप्रैल के मुकाबले मई में 44,926 यात्री ज्यादा पहुंचे। एयरक्राफ्ट मूवमेंट भी अप्रैल के मुकाबले मई में 492 ज्यादा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इससे नई एयरलाइन्स कंपनियों के आने के रास्ते खुलेंगे तथा नए स्थानों के लिये भी फ्लाइट्स बढ़ेंगी।

इसके साथ ही नवंबर से एयरपोर्ट को चौबीसों घंटे खोलने की भी योजना तैयार है। सीआईएसएफ जवानों की नयी तैनाती होते ही यह काम हो जाएगा। वहीं यात्री बढोतरी के मद्दनजर एयरपोर्ट प्रबंधन को भी यात्रियों के लिए डिपार्चर और अराइवल एरिया में कन्वेयर बेल्ट पर बेहतर इंतजाम की चुनौती है। ताकि पैसेंजर्स को जल्द अपने बैगेज मिल सकें। बताया जाता है कि अभी एयरपोर्ट पर तीन कन्वेयर बेल्ट हैं और 20 मिनट के भीतर यात्रियों को अराइवल एरिया में अपने बैग मिल जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि भोपाल का राजा भोज एयरपोर्ट पिछले दो बार से 68 एयरपोर्ट पर हुए पैसेंजर सेटिस्फेक्शन सर्वे में नंबर एक पर आ रहा है। यहां मौजूद सुविधाओं ने देशभर की एयरलाइन्स कंपनियों का ध्यान खींचा है। अभी भोपाल एयरपोर्ट पर रोज औसतन 36 फ्लाइट्स चल रही हैं। यहां से दिल्ली, मुंबई, जयपुर, बेंगलुरु, उदयपुर, रायपुर, प्रयागराज, अहमदाबाद, हैदराबाद सीधे जुड़े हैं।

## भगवान बाबाणी को साहित्य अकादमी के अनुवाद पुरस्कार से सम्मानित किया गया



**संत हिरदाराम नगर।** भोपाल के वरिष्ठ साहित्यकार श्री भगवान बाबाणी को केन्द्रीय साहित्य अकादमी द्वारा उनके द्वारा अनुवादित पुस्तक सादो लिफाफो को साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार -2023 (सिंधी) प्रदान करने का निर्णय साहित्य अकादमी के कार्यकारी बोर्ड द्वारा 11 मार्च 2024 को नई दिल्ली में लिया गया था। ज्ञातव्य हो कि केंद्रीय साहित्य अकादमी द्वारा प्रति वर्ष 24 भाषाओं में अनुवाद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

### नारेबाजी बर्दाश्त नहीं करूंगा-बंसल, कार्यक्रम का राजनीतिक ठीक नहीं- मारण

# भाजपा नेता बसंल व कांग्रेस पार्षद मारण में नोक झोंक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के साधु वासवानी स्कूल में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कांग्रेस पार्षद अशोक मारण और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष के बीच तीखी बहस हुई। बहस होने का कारण कार्यक्रम में मारन को भाजपा जिंदाबाद कहने के लिए भाजपा पार्षद कुसुम चतुर्वेदी का कहना रहा। मारन ने जिंदाबाद की जगह मुर्दाबाद कहा। मारन के मुर्दाबाद कहते ही राम बसंल भड़क गए। बसंल ने कहा, आप मुर्दाबाद कैसे कह रहे हैं। मारण ने कहा, मैं भाजपा जिंदाबाद कैसे कह सकता हूं। यह जगह भाजपा जिंदाबाद की नहीं है। दोनों के बीच बचाव करने के लिए एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी और मंडल अध्यक्ष कमल विधानी आगे आए। बहुत देर बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद दोनों नेताओं ने महापौर मालती राय की मौजूदगी में मंच सांझा किया।




### मुर्दाबाद सहन नहीं करूंगा

राम बसंल ने कहा, चाहे विधायक हो, पार्षद हो या कोई भी किसी के पीछे हो भाजपा मुर्दाबाद बोलेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम मोदीजी के आव्हान पर सरकार का अभियान है। इसमें मोदीजी जिंदाबाद, मोहन यादव जिंदाबाद के नारे लगना स्वाभाविक है। मारण ने मुर्दाबाद कहा था, इसलिए मैंने अपना विरोध दर्ज कराया।

### राजनीतिकरण ठीक नहीं

पार्षद अशोक मारण का कहना है कि कार्यक्रम पौधारोपण का था। भाजपा जिंदाबाद करना ठीक नहीं। मुझ से जब भाजपा पार्षद कुसुम चतुर्वेदी ने हाथ उठाकर जिंदाबाद कहने को कहा तो मैंने मुर्दाबाद कहा। ऐसे कार्यक्रमों का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। बसंल ने जो किया वह ठीक नहीं।

# लो फ्लोर बसों के पहिए दस दिन से थमे, लोग परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लो-फ्लोर की बसों के पहिये दस दिनों से थमे होने से नागरिकों की जमकर फजीहत हो रही है। आलम यह है कि महापौर के दखल के बाद भी कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। मालूम हो कि शहर के जिन दस रूटों पर मां एसोसिएट की 149 बसें चलती थीं। उनमें से मात्र दस बसें ही चलाई जा रही हैं। इसके चलते रोजाना करीब 30 हजार से अधिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस मामले में महापौर के हस्तक्षेप के बाद दस बसों का संचालन शुरू किया गया है, जिसकी कमान निगम के कंडक्टरों ने संभाली है। वहीं बस आपरेटरों और चलो एप एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ महापौर की चर्चा भी नहीं हो पाने के कारण यह मामला सुलझ नहीं पा रहा है। इसलिए कर्मचारियों के वेतन में कटौती न की जाए, बल्कि कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया जाना चाहिए। उधर महापौर मालती राय कहना है कि चलो एप एजेंसी से सोमवार को मीटिंग होगी, मीटिंग में क्या तय होता है, फिलहाल इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है। हालांकि हमारी कोशिश यह है कि सभी बसें चलाई जाएं। उल्लेखनीय है भोपाल में काफी समय से इन सिटी बसों के संचालन में गतिरोध आ रहे हैं। बार बार बस सेवा बंद होने से आम आदमी को आवागमन के लिये परेशान होना पड रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### साधु वासवानी स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम

# महापौर संग बच्चों ने रोपे पौधे, लिया संकल्प

### महापौर, विशिष्टजनों और बच्चों ने रोपे पौधे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'पेड़ हैं तो पर्यावरण है, पर्यावरण है तो हम हैं' का संदेश पौधे रोपकर दिया गया। महापौर मालती राय ने कहा ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने के लिए पेड़-पौधे आवश्यक हैं। भोपाल हमारी शान है और उसका विकास हमारा गौरव है।

स्कूल के ग्राउंड में महापौर मालती रॉय, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील, वासवानी, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, भाजपा नेता राम बंसल एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। महापौर राय ने कहा कि भोपाल नगर-निगम को 1 लाख 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है, और इस लक्ष्य को पूरा करने में सभी का सहयोग आवश्यक है क्योंकि पौधे लगाने से कुछ नहीं होगा उसका संरक्षण करना भी अनिवार्य है।



शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि मेरा विद्यार्थियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं। एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने कहा कि आज जगह-जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम हो रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना एवं हरियाली लाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि पर्यावरण की रक्षा करते हुए हम सभी अपने घर में एक पौधा अवश्य लगाएंगें। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी एवं आभार प्रदर्शन स्वाति कलवानी ने किया।

# सुशील वासवानी ने सादगी से मनाया जन्म दिन

**हिरदाराम नगर।** मध्यप्रदेश आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष और महानगर बैंक के अध्यक्ष और संस्कार स्कूल के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने अपना जन्म दिन सेवा कार्य करते हुए मनाया। कुटिया का आशीर्वाद लिया और संस्कार विद्यालय के बच्चों के बीच पहुंचे।



संस्कार स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सुशील वासवानी ने कहा, एक साथ 1500 बच्चों का स्नेह पाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बच्चे जो भगवान का रूप हैं ऐसी शुद्ध आत्माओं का मुझे प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है, यह मेरे लिए इससे बड़ा उपहार कुछ नहीं हो सकता। सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि संस्था के अध्यक्षीय पद पर रहते हुए विकास में वासवानी का मार्गदर्शन मिलता रहे, यह हम सब प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के कोषाध्यक्ष चन्द्रर नागदेव, समाजसेवी शंकरलाल आसुदानी, प्रकाश आसुदानी,प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कर्मचारी संगठनों ने कहा सिंघल आयोग की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, राय शामिल कराने की मांग



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस समय कर्मचारी जगत में सिंघल आयोग की रिपोर्ट चर्चा का विषय है। यह आयोग कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों पर विचार हेतु गठित किया गया था। विसंगतियां बहुत हैं और कर्मचारी संगठनों में लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि उनकी विसंगति को शामिल किया गया है अथवा नहीं। यह असमंजस इस कारण से और बढ़ गया है क्योंकि सिंघल आयोग ने किसी भी कर्मचारी संगठन से मुलाकात नहीं की थी। जिनकी समस्याओं का समाधान करना था उन्हीं से मिलना आयोग ने जरुरी नहीं समझा था। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा मांग की गयी है कि सिंघल आयोग की रिपोर्ट कर्मचारी संगठनों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाकर उस पर सभी संगठनों की राय सुझाव लिए जाने चाहिए। तदुपरांत आयोग की अनुशंसाओं और संगठनों के सुझावों के बीच तालमेल स्थापित कर आगामी कार्रवाई की जानी चाहिए। संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने कहा कि ऐसा नहीं किया गया तो विसंगतियों का निराकरण नहीं हो सकेगा और हर नया आयोग नयी विसंगतियों को जन्म देता रहेगा।

### मंहगाई राहत पर पेंशनर्स फिर भड़के

इधर, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें संरक्षक गणेश दत्त जोशी एवं प्रांताध्यक्ष आमोद सक्सेना ने आरोप लगाया कि वित्त विभाग द्वारा प्रदेश के पेंशनरों के प्रति लगातार उदासीनतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है । छत्तीसगढ़ की सहमति के नाम से पेंशनरों का महंगाई राहत का एरियर्स सरकार हजम कर रही है । राज्य सरकार के अखिल भारतीय अधिकारियों को केंद्र के समान सभी वित्तीय लाभ मध्यप्रदेश कोषालय से दिए जा रहे हैं, वही प्रदेश के पेंशनरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जोशी ने कहा कि पेंशनरों की मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो सड़कों पर आंदोलन प्रदर्शन करने को विवश होंगे । बैठक में जिला संरक्षक पी. के. सिंघल कोषाध्यक्ष राजेंद्र नायक तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं पेंशनरों ने भाग लिया।

### नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 की रिपोर्ट में आया सामने

# मप्र में 1.36 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर, लेकिन अपराध बढ़े

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के 1.36 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं लेकिन विभिन्न अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं, मप्र में प्लास्टिक पर रोक के बावजूद इसका उपयोग और इससे जुड़ा कचरा बढ़ा है। आर्थिक, सामाजिक समेत कई क्षेत्रों में सुधार के प्रयासों के बावजूद उन्नति के पहिये की गति बहुत अधिक नहीं है। नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में ये बातें सामने आई है। उक्त इंडेक्स में जिन 1.36 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने का दावा किया है वह 2020-21 से अब तक के है। मप्र इसी अवधि में पर्यावरण, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, न्याय, भूजल दोहन के क्षेत्र में पिछड़ा है। आत्महत्याएं और सड़क दुर्घटनाएं पूर्व की तुलना में बढ़ी है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मप्र ने सुधार किया है जिसके बूते 67 अंकों के साथ मप्र फ्रंट रनर राज्य बन गया है।

**रिपोर्ट में यह भी दावा:** प्रदेश में 97.87 प्रतिशत लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कवरेज मिल रहा है। कुल प्रसव में से संस्थागत प्रसव का प्रतिशत 98.48 प्रतिशत है। 9 से 11 महीने के आयु समूह में पूर्ण टीकाकरण वाले बच्चों का प्रतिशत 93.19 प्रतिशत है। प्रदेश में जन्म के समय लिंगानुपात 950 के लक्ष्य के विरुद्ध 956 है तो वहीं प्रदेश के शत प्रतिशत घरों में बिजली पहुंच गई है। प्रधानमंत्री जन धन योजना में महिला खाताधारकों का प्रतिशत 50 प्रतिशत लक्ष्य से बढ़कर 55.57 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों से जुड़ी लक्षित बस्तियों का प्रतिशत 99.98 प्रतिशत रहा है। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 33 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले 50 प्रतिशत हो चुका है। पर्यावरण मानकों का अनुपालन करने वाले उद्योगों का प्रतिशत 98.40 प्रतिशत है जबकि भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में वन आवरण क्षेत्र 25.14 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि एसडीजी इंडिया इंडेक्स सूचकांक व्यापक रूप से सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा की गई प्रगति के आधार पर उनकी रैंकिंग निर्धारित करता है। इस सूचकांक में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए 16 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर लक्ष्यवार अंक की गणना की जाती है। 65 से 99 अंक प्राप्त करने पर फ्रंट रनर श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है।



### रिपोर्ट में मप्र को किस क्षेत्र में कितने अंक मिले

| |
|---|
| गरीबी उन्मूलन- 67 |
| भुखमरी उन्मूलन- 48 |
| अच्छा स्वास्थ्य और जीवन स्तर- 56 |
| गुणवत्तापूर्ण शिक्षा- 49 |
| लैंगिक समानता- 48 |
| साफ पानी और स्वच्छता- 87 |
| सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा- 90 |
| अच्छा काम और आर्थिक विकास- 64 |
| उद्योग, नवाचार और आधोसंरचना विकास-39 |
| असमानता में कमी- 54 |
| सतत शहरी और सामुदायिक विकास- 86 |
| जिम्मेदारी के साथ उपभोग व उत्पादन- 92 |
| जलवायु परिवर्तन- 63 |
| भूमि पर जीवन- 90 |
| शांति और न्याय के लिए संस्थान- 73 |
| कुल अंक- 67 |

# कांग्रेस पैदल मार्च करते हुए नर्सिंग घोटाले पर एफआईआर कराएगी

### पटवारी समेत अन्य नेता रहेंगे मौजूद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मप्र में नर्सिंग घोटाले को लेकर अब कांग्रेस ने पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के विरुद्ध अपना अभियान तेज करने का निर्णय लिया है। इसके तहत राजधानी के अशोका गार्डन थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इस दिन प्रदेश भर से कांग्रेसियों को भोपाल में जुटने के लिए कहा गया है। यहां जुटने वाले कांग्रेसी एक साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी दफ्तर में भोपाल के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों, उप ब्लाक अध्यक्षों के साथ बैठक में यह फैसला किया। इस दौरान संगठनात्मक चर्चा के साथ-साथ आगामी 18 जुलाई को नर्सिंग घोटाले में शामिल प्रदेश के तत्कालीन शिक्षा एवं चिकित्सा मंत्री विश्वास सारंग के विरूद्ध थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बताया जाता है कि पटवारी की अगुवाई में 18 जुलाई को हजारों की संख्या में कांग्रेसजन राजधानी के नरेला विधानसभा क्षेत्र के प्रभात पेट्रोल पंप पर एकत्रित होंगे और वहां से पैदल मार्च करते हुये अशोकागार्डन थाने जायेंगे, जहां नर्सिंग घोटाले को लेकर तत्कालीन शिक्षा एवं चिकित्सा मंत्री सारंग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायेंगे। बैठक में कांग्रेस के भोपाल जिले के विकास खंड अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि विधानसभा सत्र में भी कांग्रेस ने नर्सिंग घोटाले को लेकर सदन में सरकार को जमकर घेरा था और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर लंबी चर्चा के दौरान तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री और विभाग में पदस्थ आईएएस अफसरों पर कार्रवाई की मांग की थी।

# नगरों के बनेंगे प्रवेश द्वार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सभी नगरों में प्रवेश द्वार बनाए जाएं। राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राज्य राजमार्गों के विकास के साथ ही मार्गों पर नगरों की संस्कृति, उनकी ऐतिहासिकता तथा विशिष्ट पहचान को दर्शाते प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जाए। यह प्रवेश द्वार नगरों की पहचान बनने के साथ-साथ मार्गों पर निगरानी करने तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन में राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव लोक निर्माण डी.पी. आहूजा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को उन्नत व सुदृढ़ बनाने तथा विकास की प्रक्रिया को गति देने में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क निर्माण प्रक्रिया में भू-अर्जन, विभागीय अनुमतियों, भूमि उपलब्ध कराने आदि के कारण किसी भी प्रकार का विलंब न हो। प्रदेश के सुदूरवर्ती अंचलों को राजधानी भोपाल से सीधे जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली सड़कों के प्रस्तावों का समय-सीमा में क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा में दमोह से शाहगढ़, मुरैन जबलपुर-दमोह व औबेदुल्लागंज-बैतूल-नागपुर मार्ग के पृथक-पृथक निर्माण स्तर एवं उज्जैन से झालावाड़ मार्ग को टू लेन से फोर लेन करने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।

### कांग्रेस कार्यालय में विजयवर्गीय !



**भोपाल।** इंदौर शहर में चौंकाने वाला दृश्य सामने आया। जब नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा शहर अध्यक्ष गौरव रणदिवे और जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा गांधी भवन में बैठकर कांग्रेस नेताओं के साथ चाय-नाश्ता करते नजर आए। भाजपा नेता पौधारोपण के महाअभियान में शामिल होने का न्योता देने कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। मंत्री और भाजपा नेताओं से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगंतुक रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाए तो विजयवर्गीय ने व्यंग्य कर दिया कि यह मत कह देना कि कांग्रेस ज्वाइन कर ली। मंत्री विजयवर्गीय इंदौर में 51 लाख पौधे रोपने के महाअभियान की कमान संभाल रहे हैं।

# दो दिवसीय कोरकू भाषा सम्मेलन कल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

साहित्य अकादमी नई दिल्ली और अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में तथा संस्कृति मंत्रालय मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से 15 व 16 जुलाई को कोरकू भाषा सम्मेलन का आयोजन नौरंजनी सभागार रविंद्र भवन में किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर के प्रोफेसर,. विषय विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन उद्घाटन सत्र सहित सात सत्रों में आयोजित किया जाएगा जिसमें द्वितीय सत्र से 6 सत्रों में कोरकू जनजाति का उद्गम विकास, जीवन ,बोली ,भाषा ,साहित्य, संस्कृति परंपरा आदि कर को जनजाति से संबंध विश्व पर चर्चा विचार विमर्श अवलोकन समीक्षा आदि को समसामयता से जोड़कर वर्तमान में इस विषय की महता और प्रसंगगीत पर प्रकाश डाला जाएगा। कोरकू भाषा सम्मेलन में मंच पर मुख्य रूप से केसरीनिवास राव सचिव साहित्य अकादमी नई दिल्ली, प्रोफेसर सुनील गावस्कर विख्यात कोरकू लेखक , धर्मेंद्र पार निर्देशक लोक कला एवं बोली विकास, पीसी वारसकर पूर्व सचिव लोक निर्माण, प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया कुलपति हिंदी विश्वविद्यालय एवं शैलेंद्र कुमार जैन कुलसचिव उपस्थित रहेंगे।

**मेट्रो एंकर** | संविदा पर रखे जाएंगे रिटायर्ड राजस्व अधिकारी व पटवारी

# 2 लाख पदों पर होगी भर्ती, इनमें 7500 पुलिस के पद भरे जाएंगे

### किसानों की परेशानियों को देखते हुए लिया फैसला


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विभागों में खाली होते पदों को भरने और सरकारी कामकाज को पटरी पर लाने के लिए सरकार दो लाख पदों पर भर्ती करने जा रही है, इनमें 7500 पद पुलिस के होंगे। बैठक में यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार निवास पर ली मंत्री और विधायकों की बैठक में दी। रिटायर्ड राजस्व व पटवारियों को संविदा पर रखा जाएगा। पटवारी मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। ये निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। असल में बैठक में यह बात उठी थी कि हजारों की संख्या में राजस्व मामले लंबित है। ये ज्यादातर किसानों से जुड़े हैं, जिन्हें परेशान होना पड़ रहा है। ये लगातार सरकार के अलग-अलग प्लेटफार्मों पर शिकायत कर रहे हैं।

### बाजार को लेकर मंत्री और विधायक करेंगे विचार



वहीं रात्रिकालीन बाजार खोले जाने को लेकर मंत्री, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि आपस में विचार करेंगे। जिसके बाद बाजार खोले जाने को लिए निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर संभाग के मंत्री, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से शुक्रवार हुई चर्चा में यह बात कही। यह भी कहा कि अपने क्षेत्र व शहर की जरुरत को समझें और उन्हें पूरा करने के लिए आपस में बातचीत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हमें और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और दक्ष होना होगा। विधानसभा क्षेत्रों को आदर्श बनाएं। लिखित रोडमैप तैयार कर आगे बढ़ें। आयुष्मान योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाएं, उनके पास के रुपये खर्च नहीं होने चाहिए। विधायक हॉस्टल, आंगनवाड़ियों एवं दीनदयाल रसोई की व्यवस्था सहित वहां उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता के प्रति भी सजग रहें। जन-सामान्य से जुड़ी संस्थाओं जैसे स्कूल, महाविद्यालय, उचित मूल्य की दुकान आदि की कार्य प्रणाली का भी निरीक्षण किया जाए।

संपादकीय

# फैसला तब भी और अब भी

गुजारा भत्ते के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला अतीत से वर्तमान तक की यात्रा कराता है। क्योंकि समयकाल के मान से देखें तो करीब चार दशक पहले शाहबानो मामले में न्यायालय का रुख तथा अब का नया फैसला बहुत आगे की सोच वाला नजर आता है। मगर तब यह फैसला सिरे नहीं चढ पाया था और अब तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते से जुड़े एक मामले में आया सुप्रीम कोर्ट का ताजा व अहम फैसला न सिर्फ इस जटिल मुद्दे पर प्रगतिशीलता की रोशनी डालता है बल्कि समाज में बराबरी की हैसियत के लिए जूझतीं महिलाओं को ताकत भी प्रदान करने वाला है। शीर्ष अदालत ने अपने इस फैसले के जरिए बता दिया है कि सही ढंग से व्याख्या करके पुराने कानूनों को भी नया तेवर दिया जा सकता है। मामला मूलतः मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के सवाल से जुड़ा था जो देश में मजहब, कानून और राजनीति से जुड़ा एक जटिल मसला रहा है। इसीलिये वर्ष अस्सी के दशक में चर्चित हुआ शाहबानो मामला बरबस याद आता है। आज भी इन तीनों हलकों की चर्चा में यह उठता रहता है। उस मामले में सुप्रीम कोर्ट के प्रगतिशील कदम को संसद से नया कानून बनवाकर पलटने की कोशिश तत्कालीन सरकार ने की थी। लेकिन उस समय से अब तक न सिर्फ भारतीय राजनीति बल्कि समाज का स्वरूप भी काफी बदल चुका है। अब न तो राजनीति उस तरह के आग्रहों से संचालित होती दिखती है और न समाज संचालित होता है। खासकर समाज की महिलाएं उन्हें बर्दाश्त करने की स्थिति में हैं, जिनके दबाव में राजीव गांधी सरकार ने शाहबानो केस के फैसले को पलटने का निर्णय किया था। इसकी तसदीक इस बात से भी होती है कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले को भी जहां राजनीति की एक धारा राजीव सरकार के उस फैसले से जोड़कर देख रही है, वहीं दूसरी धारा इससे असहज महसूस कर रही है। यह बात भी सही है कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले को मुस्लिम महिलाओं तक सीमित मानना इसकी संभावनाओं को कम करके देखना ही कहा जाएगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट व्यवस्था यह दी है कि चाहे महिला किसी भी धर्म-संप्रदाय की हो, उसकी शादी और तलाक की विधि चाहे जो भी रही है, वह सीआरपीसी की धारा 125 के प्रावधानों के तहत गुजारा भत्ता देने की मांग कर सकती है। देश का कोई भी अन्य कानून उसे इससे नहीं रोकता। स्पष्ट रूप से यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए महिलाओं को अहसास कराया है कि चाहे शादी में रहते हुए खुद को सशक्त महसूस करने की बात हो या परिवार के दायरे से निकलने के बाद अपना हक सुनिश्चित करने की, देश के कानून की शक्ति उनके साथ है। ऐसा मानने का आधार यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए न्याय व्यवस्था को यह संदेश भी दिया है कि कानून को लागू करते हुए और इसकी व्याख्या करते हुए स्त्री-पुरुष समानता और कमजोर तबकों के हितों की सुरक्षा जैसे मूल्यों को ध्यान में रखने की जरूरत है। जाहिर है कि फैसला अभी ताजा है तथा भारत के विविधतापूर्ण समाज में इसे लेकर कई तरह की चर्चा व बहसें भी शुरू होंगी ही, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि महिलाओं की हैसियत को जिस तरह राजनीतिक दलो ने अब आंकना शुरू किया है और उन्हें केंद्र में रखकर योजना बनाई जा रही हैं, उसके बरक्स चार दशकों में बदल चुके समाज की प्रतिक्रिया में भी तब और अब का परिवर्तन व समयकाल का आग्रह साफ दिखेगा।

सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते है, सपने वह है जो हमें नींद नहीं आने देते!

## कविता

ऊबड़ खाबड़ रस्ते हैं समतल हो सकते हैं !
कोशिश की जाए तो मुद्दे हल हो सकते हैं !!

शर्त यही है कोई प्यासा हार न माने तो !
हर प्यासे की मुट्ठी मैं बादल हो सकते है !!

हिन्द महासागर सी जब हो सकती हैं आँखें !
तो फिर दो आँसू भी गंगाजल हो सकते हैं !!

जिनकी बुनियादों में खट्टापन है मत भूलो !
पकने पर सब के सब मीठे फल हो सकते हैं !!

ये दुनिया इन्सानों की है थोड़ा तो रुकिए !
पत्थर दिल वाले भी सब कोमल हो सकते है !!

सपनों के सच होने की तारीख नहीं होती !
आज न जो सच हो पाए वो कल हो सकते है !!!!

जीवन के हर पल को यूँ ही जीते चलिए बस !
इनमें ही कुछ महके महके पल हो सकते है

* अजय चौबे*

## आज का इतिहास

- 122- फिलिप द्वितीय की मृत्यु के बाद उनके बेटे लुई फ्रांस के राजा बने।
- 16×6- मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया।
- 1789- फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत। क्रांति के दौरान बैस्टिल की ऐतिहासिक जेल पर पेरिस की जनता ने अधिकार कर लिया।
- 1850- मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन।
- 1861- कॉट लिंग नामक अमरीकी व्यक्ति ने अतीत के अविष्कारों के अनुभवों और अनुसंधानों के आधार पर हथियार के रूप में मशीनगन बनाई।
- 1914- पहले तरल ईंधन आधारित रॉकेट की डिजाइन का पेटेंट रॉबर्ट एच गोगार्ड ने हासिल किया।
- 1927-हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू।
- 1940- द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी की।
- 1951- सीबीएस चैनल पर घुड़दौड़ के रूप में किसी खेल कार्यक्रम का पहली बार रंगीन प्रसारण।

# नए बजट से मध्यम वर्ग को राहत का सवाल

पिनाकी चक्रवर्ती

इन दिनों पूरे देश के साथ-साथ दुनिया की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की निगाहें 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हैं। हाल ही में आयी वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मार्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के नए बजट में राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर रहेगा और इससे मध्यम वर्ग लाभान्वित होते हुए दिखाई दे सकता है। साथ ही इसमें 2047 तक विकसित भारत के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश की जा सकती है। नए बजट के जरिये मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ा जा सकता है।

मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर लगातार मांग तेज हुई है। विगत वर्षों में जहां गरीब वर्ग के लिए राहतों का ऐलान किया गया, वहीं कॉर्पोरेट जगत पर भी ध्यान दिया। लेकिन राहत पाने के मामले में सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान में मध्यम वर्ग की नाराजगी भी दिखाई दी है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री के संबोधन में जिक्र था कि मध्यम वर्ग कैसे कुछ बचत बढ़ा सके तथा इस वर्ग के लोगों की जिंदगी को कैसे आसान बनाया जा सके, इस परिप्रेक्ष्य में रणनीति पूर्वक आगे बढ़ा जाएगा। गौरतलब है कि इस पूर्ण बजट 2024-25 के समय आयकर संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साल 2023-24 में आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है और बीते 10 साल में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से अधिक हुए हैं। आयकर विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2013-14 में आयकर संग्रह करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये था। यह फिर तेजी से बढ़ता गया। यह वर्ष 2019-20 में 10.5 लाख करोड़ रुपये हो गया। कोरोनाकाल के कारण यह 2020-21 में कुछ घटा। लेकिन 2021-22 में 14.08 करोड़ रुपये, 2022-23 में 16.64 करोड़ रुपये और वर्ष 2023-24 में 19.58 करोड़ रुपये हो गया।

ऐसी मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों स्लैब की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को राहतों से लाभान्वित किया जा सकता है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान नए बजट में दिखाई दे सकते हैं। इसके तहत मानक कटौती यानी स्टैंडर्ड डिडक्शन सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 में मानक कटौती की सीमा 40 हजार रुपये थी और वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया था। मानक कटौती वह धनराशि है, जिसे वेतनभोगी करदाता अपनी कर योग्य आय में से बिना कोई सबूत दिए घटा सकता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी अपने वेतन पर ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं जहां आमदनी कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। वेतनभोगी वर्ग द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है कि इस वर्ग द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाता वर्ग द्वारा चुकाए गए आयकर से काफी अधिक होता है।

नए बजट के तहत आयकर से संबंधित विभिन्न टैक्स छूटों में वृद्धि की जा सकती है। मौजूदा समय में धारा 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये की छूट मिलती है। इसके तहत ईपीएफ, पीपीएफ, एनएससी, जीवन बीमा, बच्चों की ट्यूशन फीस और होम लोन का मूलधन भुगतान भी शामिल है। मकानों की बढ़ती हुई कीमत को देखते हुए धारा 80सी के तहत 2.5 लाख से तीन लाख की छूट दी जा सकती है। इसी तरह इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत कर कटौती की सीमा को बढ़ाया जा सकता है। 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स छूट बढ़ सकती है ताकि टैक्पेयर्स हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर प्रेरित हों। इसके साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सीमा बढ़ाई जाने से लोगों को स्वास्थ बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। वहीं पीपीएफ में योगदान की वार्षिक सीमा को मौजूदा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जा सकता है।



निस्संदेह देश में कर सुधारों से आयकर संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है। लेकिन अभी आयकर के दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। जहां वर्ष 2024-25 के बजट से आयकर राहत दी जा सकती है, वहीं बजट में आयकर के दायरे का विस्तार करने की नई रणनीति का ऐलान संभव है। महत्वपूर्ण यह भी कि बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, पिछले एक वर्ष में करीब 24 लाख लोगों ने 10 लाख रुपये से ज्यादा महंगी कारें खरीदी, करीब 25 लाख लोगों ने 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के महंगे घर खरीदे वहीं वर्ष 2022 में देश के करीब 2.16 करोड़ लोगों ने पर्यटन के मद्देनजर विदेश यात्राएं कीं। जाहिर है पर्याप्त कमाई के कारण ही ये खरीदियां और विदेश यात्राएं संभव हैं। लेकिन ऊंची कमाई करके भी बड़ी संख्या में लोग आयकर नहीं देना चाहते। बता दें कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.79 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। यानी देश की आबादी के 1.97 फीसदी लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में आयकर का पूरा बोझ दो फीसदी से भी कम आबादी द्वारा उठाया जा रहा है। साथ ही देश में कुल आयकर रिटर्न के करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकर देयता बताते हुए दिखाई दिए हैं। ऐसे में देश में आयकर संग्रहण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आकार की तुलना में महज 11.7 फीसदी ही है। जबकि यह जर्मनी में 38 फीसदी, जापान में 31 फीसदी, ब्रिटेन में 25 फीसदी, अमेरिका में 25 फीसदी और चीन में 18 फीसदी है। वहीं अमेरिका की 60 फीसदी और ब्रिटेन की 55 फीसदी आबादी आयकर चुकाती है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संगृहीत किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है।उम्मीद करें कि इस बार वित्तमंत्री नए बजट से ऐसे लोगों को चिन्हित करने की नई रणनीति के साथ दिखाई देंगी, जिससे वास्तविक आमदनी का सही मूल्यांकन हो सके, लोगों के वित्तीय लेनदेन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही जो वास्तविक कमाई से कम पर आयकर देते हैं, उन्हें भी चिन्हित करके अपेक्षित आयकर चुकाने के लिए बाध्य किया जा सके। निश्चित रूप से इससे देश में टैक्स संग्रहण बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**- लेखक अर्थशास्त्री है, यह उनके विचार हैं।**

# बहुसंख्यक जनता बाबाओं के पीछे इतनी अंधभक्त एवं पिछलग्गू क्यों?

राजीव खंडेलवाल

"बाबा प्रधान देश'' भारत के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के ''हाथरस' में मानव मंगल मिलन (सत्संग, धार्मिक समागम) के दौरान भगदड़ मचने से 130 व्यक्ति अकाल मृत्यु ''काल के गाल'' में समा गये। जिस 'काल' को नियत्रिंत करने का दावा संत के वेश में सूरजपाल जाटव ऊर्फ विश्व हरि उर्फ नारायण हरि ''बाबा'' करता रहा। इस प्रकार ''सत्संग''य 'कष्टसंग' व 'कुत्संग' में परिवर्तित हो गया। घटना के बाद से ही संपूर्ण मीडिया चाहे प्रिंट, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया हो, बढ़-चढ़ कर इस बहुरूपिये बाबा की कुंडली को खोलकर चिल्ला-चिल्ला कर हम जनता को बता रहे हैं, धूर्त बाबा का इतिहास क्या था? जो एक छेड़खानी के आरोप में बर्खास्त सजायाफ्ता हवलदार नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा था। यद्यपि अदालत के आदेश से वह पुनः नौकरी में बहाल भी हो गया था। जेल से छूटने के बाद उसने वीआरएस लेकर ''भोले बाबा'' बनकर लोगों को ठगने, पाखंड और यौन शोषण के कार्यक्रम में 'सत्संग' के साथ लग गया। साधु संत तो वह होता है जो ''करे तो डरे, न करे तो भी खुदा के कहर से डरे''। लेकिन ये बाबा तो कर के भी नहीं डरते। कोई दान दक्षिणा चढ़ाना इत्यादि न लेने का दावा करने वाले बाबा के देश में अनेकों आश्रम है तथापि राजस्व रिकॉर्ड पर उनके स्वामित्व के बाबत सुनिश्चित जानकारी नहीं है। यद्यपि बाबा इंटरनेट पर लोकप्रिय नहीं है तथापि जमीनी स्तर पर उनके भक्तों की संख्या लाखों में है।

धूर्त, प्रपंच गिरी व यौन शोषण का आदी सूरजपाल एक दिन में ही अपराधी, व्यभिचारी, जादू-टोटका, भूत भगाने वाले, ढोंगी बाबा नहीं बन गया? परन्तु धन्य है हमारी देश की मीडिया, जिसे उक्त घटना घटित होने तक पता ही नहीं चला कि संन्यासी के वेश में बाबा एक अपराधी है। ऐसे ही बाबाओं के कारण हिन्दू समाज बदनाम होता रहा है। बाबाओं की यह करतूत न तो पहली है और न ही अंतिम। ''आसाराम'' से लेकर राम रहीम......आदि तक गिनतियाँ ही गिनतियाँ है, गिनते चले जाइये। आपकी उंगली जरूर थक जायेगी। जहां साधु के वेश में ऐसे ''गाते गाते कीर्तिनिया बने'' इन दोहरे रूप धारण करने वाले व्यक्ति इस तरह के अपराधों में पकड़े गये, स्टिंग ऑपरेशन हुये, सजाएं भी हुई। परन्तु इन सब के बावजूद धन्य है हमारा हिन्दू समाज जो हर ''कमली वाले को फकीर'' समझ लेता है और जहां ऐसे सजायाफ्ता साधू-संतो के अंधभक्तों की संख्या में और उनके साम्राज्य में कोई खास कमी हुई हो, ऐसा जान नहीं पड़ता है, न ही महसूस होता है। बाबाओं व नेताओं के बीच गहरा नेक्सेस आखिर ऐसे बाबाओं को प्रोत्साहन कैसे मिलता है? किससे मिलता है? जिस कारण से बाबागिरी या सत्संग एक बड़ा ''उद्योग'' हो गया है। इसका एक कारण राजनीति और बाबाओं के बीच बड़ा अटूट अतरंग संबंध चला आ रहा है। हर ऐसे बाबाओं के साथ देश के प्रमुख राजनेताओं के चाहे किसी झंडे के तले हो, अंतर-मुखी परिचय की फोटों, सिर नवाये, आशीर्वाद देते हुए मिल जायेगी। इसका एक मात्र कारण यह है कि नेताओं के प्रभाव व आकर्षण से बाबाओं को भी अपना साम्राज्य गरीब अनप? जनता के बीच बडाने का अवसर मिल जाता है। वहीं दूसरी ओर बाबाओं के अंधभक्तों की लम्बी चौड़ी फौज के कारण उनके वोट मिलने की उम्मीद में नेताओं की लाईन दर्शन, आशीर्वाद के लिए लगी रहती है। इस प्रकार नेता और बाबा दोनों परस्पर सहजीविता (सिम्बिऑसिस) के सिद्धांत के माध्यम से अपनी-अपनी दुकान चलाते रहते हैं।इसका सबसे बड़ा उदाहरण गुरमीत सिंह उर्फ राम रहीम का है, जहां राज्य सरकार से भारतीय दंड संहिता के सबसे कठोरतम अपराध में सजा भुगत रहे बाबा को बार-बार चुनाव के समय पैरोल, 'फरलो'




मिलती रही है। बाबा व नेता एक दूसरे के लिए कितने पूरक होते है, यह इस घटना से भी सिध्द होता हैं। जहाँ किसी भी पार्टी के किसी भी राष्ट्रीय और महत्वपूर्ण नेता ने सामने आकर बाबा की गिरफतारी की मांग स्पष्ट रूप से अभी तक नहीं की हैं, सिर्फ मायावती को छोड़ कर। इसका भी कारण स्पष्ट है। दलित वोट बैंक में बाबा की घुसपैठ होने के कारण मायावती नहीं चाहती है कि उनके दलित बैंक में गांव किसी भी नेता या धार्मिक बाबा की दखलंदाजी हो। किसान नेता राकेश टिकैत ने तो बाबा की टीम को क्लीन चिट देते हुए घटना को मात्र हादसा बता दिया। एसआईटी को यह नहीं दिखा कि बाबा के चरणों की धूल लोगों के जीवन की राख में परिवर्तित हो गई। हादसा का प्रारंभ तभी हुआ जब लोग बाबा के चरणों की धूल पाने आव्हान पर दौड़ प्रस्तुत प्रकरण में ही दूसरों को राजनीति न करने की सलाह देने वाले स्वयं राजनीति कर रहे हैं। मुख्य सेवादार व आयोजक देव प्रकाश मधुकर को मुख्य अभियुक्त बिना जांच के 'प्राथमिकी' में बना दिया जाता है। परंतु उसी आधार पर जिस ''गुरु'' का सेवादार सेवक है, वो प्रमुख बाबा को प्रमुख अभियुक्त इसलिए अभी तक नहीं बनाया गया कि कबूतर रूपी बाबा हमेशा राजनीति के कुएं को बसेरा बनाते हैं''। बस ''जांच चल रही है''। जांच में तथ्य पाये जाने पर तदनुसार कार्रवाई की जाएगी? बाबा अपराधी नहीं है, तो वह घटनाओं के तुरंत बाद ''गायब'' क्यों हो गया है। चार दिन बाद अचानक मीडिया व वकील के माध्यम से जनता को संदेश देते हुए सामने आता है। तब भी वह मृत परिवार को सांत्वना देने व उसके घायल अनुयायियों को देखने अस्पताल नहीं पहुंचा? छः अपराधी 4 पुरुष व दो महिला सेवादार अभी तक गिरफ्तार की गई हैं। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के बाद एक एसडीएम सहित 6 सरकारी मुलाजिम निलंबित किए गए हैं। हास्यास्पद बात तो यह है कि घटना के जिम्मेदार ''भोले बाबा'' वास्तव मे उतने भोले नहीं है, मीडिया को छो?कर समस्त तंत्र राजनैतिक और पुलिस तंत्र सहित जितना उसे भोले व भले बाबा बनाने व बतलाने का भरकम सफल प्रयास कर रहा है। उसका वकील उसे सोची समझी साजिश बता रहे हैं। तारीफ की बात तो यह है कि बिना कोई साक्ष्य तथा तथ्य पाए एसआईटी भी अपनी रिपोर्ट में इस संभावनाओं को नकार नहीं रही है। आरोपी बनाना तो दूर अभी तक सूरजपाल से किसी भी जांच एजेंसी ने पूछताछ करना तो दूर बातचीत करना भी मुनासिब नहीं समझा है? कारण स्पष्ट है! दलित जाटव जाति से बाबा का होना राजनीतिक दलों के लिए एक वोट बैंक है! एक तथ्य यह भी है कि वर्तमान में बाबा के खिलाफ 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। परंतु कारवाई शायद टन-टन गोपाल स्थानीय जांच एजेंसीज का असफल होनाः 80 हजार लोगों की अनुमति के साथ 2.5 लाख से अधिक जनता का सत्संग में आने की कोई पूर्व सूचना इनपुट आई.बी.,एल.आई.यू (स्थानीय अधिसूचना इकाई) व अन्य जांच एजेंसीज को न होना, क्या पुलिस प्रशासन का बुरी तरह से असफल होना नहीं है? ऐसी असफलता इस तरह की घटनाओं के साथ हमेशा अंतर्निहित पायी जाती रही है, जो इस तरह की घटित घटनाओं का एक मूल कारण भी रही हैं। न मीडिया को पता, न जांच एजेंसियों को, लगता है। ''कुंए में ही भांग पड़ी है''। देश की ''कूपमंडूकता'' का यह घटना एक वीभत्स उदाहरण है। आज भी बाबा के निवास के घर की चौखट पर अंधभक्त लोग इतनी बड़ी ''वारदात'', जिसे पुलिस प्रशासन ने हादसा करार कर दिया है, होने के बावजूद मत्था टेकने जा रहे हैं।

**- यह लेखक के विचार है**



धार्मिक यात्रा पर निकले जीयर स्वामी, श्री निवास मंडप में हुआ स्वागत

# तीन माह की यात्रा पर गादी के मुख्य आचार्य, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

रामानुज संप्रदाय की तमिलनाडु राज्य में नानगुनेरी स्थित तोताद्री गादी के प्रमुख परमहंसेत्यादी श्री मधुरकवि वानमामलै रामानुज जीयर स्वामी महाराज देश के कई राज्यों में स्थित गादी से जुड़ी यात्रा पर निकले हैं। यात्रा के दौरान महाराज श्री का आगमन बैंक कालोनी स्थित श्री निवास मंडप में हुआ, यहां इटारसी में विराजमान आचार्य श्री के सानिध्य में अखिल भारतीय श्री स्वामी सीतारामचार्य भागवत गोष्ठी ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री श्री 1008 स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज एवं श्री श्री 1008 स्वामी रामकृष्णाचार्य के सानिध्य में श्री तोताद्रि स्वामी महाराज का पाद पूजन विधि विधान से किया गया। यात्रा प्रवास पर आए महाराज श्री का भव्य स्वागत कर श्रद्धालुओं ने आर्शीवाद लिया, स्वामी जी का मंगल एवं जयघोष लगाए। स्वामी रामकृष्णाचार्य महाराज ने बताया कि तोताद्रि स्वामी महाराज रामानुज संप्रदाय की देश की आठ प्रमुख गादियों में से प्रथम श्री तोतादृ गादी के आचार्य हैं, इटारसी से वे अयोध्या एवं उत्तरप्रदेश, बिहार,पश्चिम बंगाल होते हुए जगन्नाथ जी का दर्शन कर पुनः आंध्रप्रदेश से होकर तमिलनाडु स्थित अपने मठ पर पहुंचकर यात्रा को विराम देंगे। पूरी धार्मिक यात्रा तीन माह की है, जगह-जगह संप्रदाय से जुड़े अनुयायियों द्वारा उनके स्वागत की तैयारियां की गई हैं। महाराज श्री के आगमन को लेकर श्री निवास मंडप परिसर में आकर्षक साज सज्जा की गई थी, पूरे विधि विधान के साथ उनका पाद पूजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन एवं जयघोष कर महाराज श्री का स्वागत एवं उपदेश कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सीईओ जिला पंचायत द्वारा नर्मदा पथ वाली पंचायतों का भ्रमण

# स्कूल, आंगनवाड़ियों के अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस देने के निर्देश




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा 12 जुलाई को जनपद नर्मदापुरम की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर नर्मदा पथ पौधारोपण के कार्यो मनरेगा योजना के कार्यो शलाओ, आंगनवाडियों तथा मध्यान भोजन का निरीक्षण किया गया। सीईओ श्री रावत द्वारा नर्मदापुरम के ग्राम डोंगरवाडा, हासलपुर, बडोदिया, एवं अंधियारी का भ्रमण किया गया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ पर इन पंचायतो द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत सड़क किनारे, सामुदायिक भूमि पर एवं हितग्राहियों की निजी भूमि पर लिये गये पौधारोपण कार्यो का निरीक्षण किया गया एवं प्रगति कम होन के कारण संबंधित उपयंत्री को नवीन परियोजनाएं स्वीकृत करने के निर्देश दिये गये। सीईओ श्री रावत द्वारा इन ग्रामों में शालाओ का भ्रमण कर विद्यार्थियों से पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण की जानकारी ली गयी। शालाओं की उपस्थिति पंजी एवं ऑन लाईन एप के माध्यम से किये जा रहे कार्यो के बारे में शिक्षको से जानकारी ली गई शालाओ मे पूर्व वर्षो में प्राप्त राशि एवं उनके द्वारा किये गये व्यय पंजियो का निरीक्षण किया गया। विधार्थीयों से चर्चा कर उनसे पुस्तकों का पाठन करवाया गया शालाओ में बनने वाले मध्यांन भोजन की गुणवत्ता की जॉच की गई। निरीक्षण के दौरान शास. प्राथमिक शाला हासलपुर में मध्यान्ह भोजन संचालित नही होने पर प्रधानाध्यापक के विरूद्ध 03 दिवस का वेतन काटने की दण्डात्मक कार्यवाही की, वही दूसरी तरफ शास. प्राथमिक शाला अंधियारी में मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत व्यवस्थित किचिन शेड, मेन्यु अनुसार भोजन, साफ सफाई की समूचित व्यवस्था उपलब्ध थी, जिस पर उन्होंने कहा ''यहा कार्यरत स्वसहायता समूह ने इस काम के लिए अपने सभी प्रयासो को लगाया है इसलिए वह प्रशंसा का पात्र है। इस प्रकार की कार्यप्रणाली के लिए समूह को पुरूस्कृत किया जाएगा।'' इसके साथ ही श्री रावत ने शिक्षको को मध्यान्ह भोजन के स्स्पोर्टल पर प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन के पश्चात विद्यार्थियों की उपस्थिति का स्स्करने एवं समूह को खाद्यान्न का उठाव निर्धारित समय पर करने के निर्देश दिये । ग्राम हासलपुर की प्राथमिक शाला में प्रधान अध्यापक ओमप्रकाश शर्मा एवं आंगनवाड़ी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति सविता मीना अनुपस्थित पाये गये जिससे उन्हे कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। सीईओ जिला पंचायत द्वारा भ्रमण के समय उपस्थित सहायक यंत्री, उपयंत्री, एवं सहायक सचिव को निर्देश दिये गये है कि सभी शासकीय विल्डिंगों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य करवाया जाय एवं यदि पूर्व में कार्य किया गया है तो आवश्यकता होने पर वहॉ जीर्णोद्धार कराया जाये। भ्रमण के दौरान परियोजना अधिकारी मनरेगा अभिषेक तिवारी, सहायक यंत्री राकेश शर्मा, उपयंत्री एस.के.गौर उपस्थित रहे।

## 3 वेयरहाउस संचालक को नोटिस जारी किए गए

नर्मदापुरम. अनियमितता पाए जाने पर 3 वेयरहाउस संचालाको यथा आरती वेयरहाउस आंखमऊ, बाबा वेयरहाउस एवं परम वेयरहाउस को म.प्र. वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के शाखा प्रबंधको द्वारा नोटिस जारी किए गए है। प्राप ?त जानकारी के अनुसार आरती वेयरहाउस ग्राम आंखमऊ एवं बाबा वेयरहाउस गूजरवाडा का गत दिवस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया था।निरीक्षण के दौरान गोदाम में बगैर स ?लॉट बुकिंग एवं पंजीयन के मूंग के ढेर पाए गए जो कि उपार्जन नीति का उल ?लंघन है। वहीं परम वेयरहाउस सनखेडा के निरीक्षण के दौरान कुल 27 किसानों से 390 क्विंटल की खरीदी की गई थी। जिसमें से 63 क्विंटल की आरटी की गई थी। शेष लंबित के गोदाम में ऐयर वेंटिलेटर के स ?थान पर नीचे की तरफ खिडकिया बनाई गई है जोकि खुली है। इस कारण वर्षा के पानी की बौछारें मूंग में आ रही है जिससे मूंग गीला हो रहा है। उक ?त तीनों वेयर हाउस को 3 दिवस में संतोष जनक जवाब प्रस ?तुत करने के निर्देश दिए गए है।

### मुख्यमंत्री ने भोपाल, नर्मदापुरम संभाग के विधायकों से की चर्चा

# आगामी 4 वर्षों के समग्र विकास के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें: सीएम




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सभी विधानसभाओं में आगामी 4 वर्षों में समग्र विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें। लक्ष्य प्राप्ति के लिए समय-सीमा और जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि विजन प्लान विधायक, जिला कलेक्टर, विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार करके क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने पर फोकस किया जाए। एक जिला एक उत्पाद योजना से रोजगार के अवसर प्रदान करने को भी शामिल करें। विभागों द्वारा लगभग 2 लाख पदों पर भर्तियाँ की जाएंगी, इस संबंध में युवाओं को जानकारी और प्रशिक्षण देकर आवेदन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के विधायकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सांसद वीडी शर्मा, मंत्रीगण, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संबंधित जिलों के अधिकारी वर्चुअली जुड़े । यादव ने कहा कि डॉक्यूमेंट में विधायकगण 100 करोड़ रुपए राशि के कार्य शामिल कर सकते हैं। इसमें 40 करोड़ रुपए विधायक निधि, सांसद निधि, जन-भागीदारी, सीएसआर, रिडेंसीफिकेशन एवं अन्य रिडेवलपमेंट मद से प्राप्त किए जाएंगे। शेष 60 करोड़ की राशि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 15 करोड़ जारी कर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक विधायक अपनी विधानसभा में कलेक्टर के सहयोग से उद्योगों के लिए भूमि आरक्षित कराएं और औद्योगिक क्षेत्र घोषित करके उद्योग लगवाए जाएं। कुटीर, लघु और वृहद उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में बने कांजी हाउस की जगह गौशालाएं स्थापित की जाएं। इसके लिए प्रति गौवंश 40 रुपए की राशि दी जाएगी। आंगनवाड़ी, ऊषा- आशा कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों और पंचायत के पदाधिकारियों इत्यादि को आयुष्मान योजना की पात्रता से जोड़ा गया है। इनका जिन अस्पतालों में आयुष्मान की सुविधाएं हैं वहां उचित उपचार किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन अभियान के अंतर्गत 30 लाख प्रकरणों का निपटारा किया गया है। 15 जुलाई से पुनः यह अभियान चालू किया जाएगा। विधायक इस अभियान के अंतर्गत जनता से जुड़कर अधिक से अधिक समस्याएं निपटाएं।

# 4 माह के अपहृत अबोध बालक को जीआरपी ने माँ से मिलवाया

**इटारसी।** जीआरपी थाने में 7जुलाई को को फरियादी प्रीति पति स्व ब्रजेश ओझा उम्र 28 साल निवासी सिराली, जिला हरदा अपनी बहन बीनू के साथ सिराली हरदा से इटारसी आयी थी, जो प्लेटफार्म नंबर 1 सीढ़ियों के सामने चबूतरे पर, रेल्वे स्टेशन इटारसी के पास अपने बालक के साथ सो गयी थी, बाद नींद खुलने पर देखा तो कोई अज्ञात बदमाश फरियादिया के अबोध बालक मल्हार उम्र लगभग 04 माह का अपरहरण कर ले गया। मामले मे फरियादिया द्वारा थाना में शिकायत की गई जिस पर जीआरपी ने मामला दर्ज किया।



मामले मे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों श्रीमति मृगाखी डेखा, पुलिस अधीक्षक महोदया रेल भोपाल, महेंद्र सिंह कुल्हाड़ा ,उप पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल से निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी राम स्नेह चौहान के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित करते हुए रेल्वे स्टेशन इटारसी मे लगे सीसीटीवी कैमरो का बारीकी से अवलोकन किया गया । टीम को पूछताछ पर पता चला कि मामले के मुख्य संदेही बालक को लेकर ट्रेन दानापुर सिकंदरबाद एक्सप्रेस से बिहार की ओर गए है। जिस पर जीआरपी इटारसी की एक टीम तत्काल आरोपियों का पीछा करते हुए बिहार रवाना हुई । रवाना टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमन व बसंती को अपहृत अबोध बालक के साथ किशनगंज बिहार से पकड़कर इटारसी लाया गया । अबोध बालक की माँ जिसका विगत 4 दिनो से रो-रो कर बुरा हाल था, के समक्ष बालक को पेश करने पर अपने बालक की पहचान की गयी। मामले मे आरोपी एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर पूर्व मे भी बच्चे उठाने के संबंध मे पूछताछ की जा रही है। मामले मे आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ह्यूमन ट्रेफिकिंग की धाराओ का पृथक से इजाफा किया जा रहा है।इस कार्य में जीआरपी के उनि0 आरएस बकोरिया, उनि सीआर तिर्की, सउनि अनीता दास सउनि दिनेशचंद, , सउनि गरीबदास, निरंजन, कृष्णकुमार, हरिओम, गोकुल प्रसाद, भूमिका रही।

# अब स्कूल से अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कार्यवाही



**सिवनी मालवा।** संभाग आयुक्त एवं जिला कलेक्टर नर्मदा पुरम की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश पर विकासखंड सिवनी मालवा में शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को एसडीएम सरोज सिंह परिहार की उपस्थिति में जनपद के सभागृह में हुआ। जिसमें 16 हाई स्कूल एवं 14 हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे एसडीम ने बताया कि संकुल प्राचार्य नियमित रूप से संकुल की अधीनस्थ शालाओं का निरीक्षण करें तथा अनुपस्थित शिक्षकों का प्रतिवेदन बनाकर कार्रवाई हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजें एसडीएम ने बताया कि मेरे द्वारा विगत दिवस प्राथमिक शाला भमेडी एवं बराखड का औचक निरीक्षण किया था स्कूल में शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे संकुल प्राचार्य से पूछा कि आपके द्वारा क्या कार्रवाई की गई है।शाला परिसर में वृक्षारोपण वायुदुत एप्प केसे किया जाना है सभी प्राचार्य एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाएं 30त्न से कम परीक्षा परिणाम लाने वाले अतिथि शिक्षकों के बारे में भी जानकारी ली गई विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी ने बेस् लाइन टेस्ट की जानकारी ली संकुल के अंतर्गत जर्जर भवन की भी जानकारी ली गई विकासखंड में जो जर्जर स्कूल है उनमें अध्यापन कार्य नहीं कराया जाए आगामी बैठक में सभी संकुल प्राचार्य से वन टू वन चर्चा की जाएगी बैठक में विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | सासंद चौधरी और ऑर्डिनेस फैक्ट्री महाप्रबंधक के बीच हुई बैठक

# कर्मचारी संगठन और रहवासियों की सुनी समस्या



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा और आलोक कुमार अग्रवाल मुख्य महाप्रबंधक आयुध निर्माणी इटारसी के साथ में आयुध निर्माणी कर्मचारी संघ ( बीएमएस ) के पदाधिकारीयो एवं रहवासियों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई है।

1 गैस गोदाम को लेकर जो प्रशासन निर्णय लेने जा रहा था, सांसद ने कहा यह मूलभूत सुविधा है उसको सुचारु रूप से यही से चलाया जाए इसमें कोई भी बदलाव न हो जैसा चल रहा है। वैसा ही रहे 2 सेंट्रल स्कूल में बाल वाटिका में सीट बढ़ाने के लिए जो भी करवाई है,भवन उपलब्धता को लेकर सांसद ने कहा भवन उपलब्ध कराया जाए और जो सीट बढ़ाने की प्रक्रिया जहां रुकावट आए आ रही हो मुझे बताएं मै तुरंत में सॉल्व करुगा जिससे हमारे कर्मचारियों के बच्चों को बाल वाटिका में एडमिशन मिलेगा।3 हमारे यहां हमारे यहां स्टेट परिसर में बंदरों को लेकर भारी समस्या आ रही है, इसको लेकर सांसद महोदय जी ने मुख्य महाप्रबंधक से कहा कि वन विभाग से जो दिक्कत आ रही है,उसको शीघ्र सॉल्व करा दूंगा जिससे हमारी स्टेट परिसर में बंदर संबंधी समस्या का समाधान हो जाएगा।4 अस्पताल को लेकर डॉ सीताशरण शर्मा ने कहा प्रबंधक को कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारिए है यदि आपसे नहीं सुधरता है तो आप मुझे अवगत कराया मैं डॉक्टर के साथ मीटिंग करूंगा बर्न यूनिट चालू करने के लिए भी सजेशन दिया। 5 हमारी महिला पदाधिकारी द्वारा महिलाओं को सीसीएस पास पालना घर उपलब्ध कराने के लिए बिंदु सांसद के माध्यम से प्रशासन के समक्ष रखा, मुख्य महाप्रबंधक ने अस्वस्थ किया की महिलाओं को पालन घर सीसीएस के पास की व्यवस्था करेंगे। 6 अनुकंपा नियुक्ति को लेकर भी चर्चा की है, उसमे जो संभव हो सकता है।उनकी जॉइनिंग के लिए काफी मजबूती के साथ रखा गया।



### ऊंचे ब्रांड का सहारा लेकर मिलावट खोर खुलेआम बाजारों में बेच रहे नकली सामग्री

# मिलावटी सामग्री को बेचने वाले व्यापारियों पर दर्ज कराई जाएगी एफआईआर: एसडीएम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो। नकली खाद्य सामग्री का खुले आम विक्रय करने वाले व्यापारी नागरिकों की सेहत के साथ शहर में विक्रय हो रहा नकली मीठे तेल का मामला तेल की तरह हुआ गरम, किराना व्यापारियों में मचा हड़कंप शहर में मिलावटी तेल के मामले को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने सख्त रवैया अपनाते हुए खाद्य विभाग की टीम को नियमित रूप से किराना दुकानों पर बेचे जा रहें तेल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान यदि कहीं भी नकली ब्रांड का तेल पकड़ाया जाता है तो उक्त दुकानदार के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी।**




एसडीएम के निर्देश के बाद जब विभाग की टीम कार्रवाई के लिए किराना दुकानों पर पहुंची तो कार्रवाई की भनक लगते ही व्यापारियो में हडकंप मच गई और शहर के अधिकांश दुकानदार अपने दुकानों में ताला लगाकर अपने अपने घर चले गए। क्योंकि किराना दुकानदारों को पता है कि जिस व्यापारी से उक्त दुकानदार से तेल मगाया था उस व्यापारी से वह भी तेल मगातें है और जो तेल का उपयोग करने से उक्त परिवार के सदस्य बीमार हुए थें उस तेल का विक्रय वह भी करते है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जब नकली तेल का मामला तेल की तरह गरम हो गया तो किराना व्यापार संघ ने तत्काल एक गोपनीय बैठक कर तत्काल प्रभाव से कार्यकारणी भंग कर दी। जैसी कि व्यापारियो में चर्चा रही कि एक व्यक्ति के पास पद है उस व्यक्ति पर गंभीर आरोप है। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने लामबंद होकर कहा कि तत्काल नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कराया जाए। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एक ग्रामीण द्वारा नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित एक किराना दुकान से तेल की कैन लेकर जाने के बाद जब उक्त व्यक्ति के घर में तेल से खाना बना तो उस खाने को खाने से परिवार के सदस्य काफी गंभीर रूप से बीमार हो गए जिन्हें सिरोंज शासकीय अस्पताल भर्ती कराया गया। जहा डॉक्टरों ने मरीजों की हालात गंभीर बताते हुए तत्काल भोपाल रेफर कर दिया था। उक्त मामले की जानकारी मीडियाकर्मियों को लगने के बाद जब समाचार प्रकाशित हुए तो स्थानीय प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया था। एसडीएम एवं खाद्य विभाग की टीम ने उक्त किराना व्यापारी की खोदाम को सील कर तेल की जब्त लेकर सैंपल के लिए भेजा गया।

### मिलावट खोरों का आखिर कब होगा पर्दाफाश -

नगर में मिलावटी सामग्री बेचने वाले व्यापारियों का आखिरकार कब पर्दाफाश होगा। क्योकि खाद्य सामग्री की जांच करने का अधिकारी खाद्य विभाग के अधिकारियो के पास होता है। यदि कोई नागरिक खाद्य सामग्री में हो रही मिलावट की शिकायत करने के लिए या तो विदिशा जाता है या फिर वह व्यक्ति एसडीएम के पास पहुंचकर मिलावट खोरो की शिकायत करता है। शिकायत के बाद विदिशा से खाद्य विभाग की टीम आता है और शिकायत कर्ता को पता ही नही चलता और टीम अपनी जांच कर सैंपल के नाम पर खानापूर्ति कर वापस लौट जाती है। जिस कारण अधिकांश नागरिक शिकायत करने से भी दूर हटना पसंद करते है । यदि कोई व्यक्ति खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो को मोबाईल पर खाद्य सामग्री में मिलावट की जानकारी देना चाहता है तो विभाग के अधिकारी आम नागरिको का मोबाईल रिसीव करना भी उचित नहीं समझते।

### इनका कहना है -

*कलेक्टर महोदय के निर्देश है कि खाद विभाग की टीम को नियमित रूप से निरीक्षण करना चाहिए। सिरोंज शहर में दूषित तेल का मामला संज्ञान में आने के बाद नियमित समय में खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच की जाएगी। नकली ब्रांड की खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारियो पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज*

*हमारे द्वारा समय-समय पर किराना दुकानो का निरीक्षण किया जाता है आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।*

***किरण श्रीवास्तव,** खाद्य अधिकारी, विदिशा*

### मीठे तेल को लेकर उपभोक्ता परेशान -

शहर में बड़ी मात्रा में ब्रांड के नाम पर नकली मीठे तेल का व्यापार किया जा रहा है। नकली तेल का व्यापार करने वाले व्यापारियों द्वारा खुला मीठा तेल को ब्रांडेड कम्पनी के रूप में अपने घरो पर ही पैकिंग कर ली जाती है और नकली खाद्य सामग्री को ब्रांड का नाम देकर ऊचें दामो में बेचा जा रहा है। नकली खाद्य सामग्री का व्यापार करने वाले व्यापारियो द्वारा नकली माल ऐसी पैकिंग की जाती है जिससे आम नागरिको को पता ही नही चलता की तेल के पाउच व केन नकली है या असली। नगर में खुले मीठे तेल को केन व पाउच में पैक कर जोरो से बेचा जा रहा है। नकली खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारी अपने घरों पर ही बड़ी से बड़ी कम्पनी का ब्रांड को तैयार कर बाजारो में विक्रय करने के लिए ऐसे निकाल देते है जैसे कि वह माल सीधा कम्पनी से आया हो । विगत वर्ष पहले एक ऐसा ही मामला देखने को मिला था। जहां नगर के रोहिलपुरा चौराहा पर स्थित एक व्यापारी द्वारा अपने घर पर ही नकली तेल को कृति कम्पनी के ब्रांड का सहारा लेकर बेचा रहा था। उक्त मामले की जानकारी मिलने के बाद कृति कम्पनी की टीम व खाद्य विभाग की टीम उक्त व्यापारी के घर पहुची थी। लेकिन खाद्य विभाग द्वारा उक्त नकली तेल का व्यापार करने वाले व्यापारी पर कोई कार्यवाही नही की गई। जिसके चलते अन्य व्यापारियो के भी हौसले बुलंद होते जा रहें है। जिसका खामियाजा आम नागरिको को भुगतना पड़ रहा है। खिलवाड़ कर रहें है और खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानकारी होने के बाद भी अपने कार्यालय में बैठे-बैठे इस खेल को देख रहें है। नकली खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले व्यापारियों का चेहरा जब जनता के सामने आता है जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाता है । आम नागरिकों को यह पता भी नही होता कि जो खाद्य सामग्री वह ऊंचे दाम देकर खरीद रहे है वह नकली माल है। ऐसे व्यापारियों पर कोई कार्यवाही न होने से अन्य व्यापारियों भी ज्यादा पैसे कमाने की चाहत में मिर्च, मसाले सहित अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट कर खुले आम बाजारो में बेच रहे हैं।

### सीएम राइज स्कूल के लिए जमीन देखने आए, शिक्षा विभाग के ज्वाइन डायरेक्टर

# 2 साल बीतने के बाद भी सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग बनना तो दूर, जमीन ही फाइनल नहीं

**सिरोंज।** शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों के ढीले रवैया के कारण स्कूल का निर्माण नहीं हो पा रहा है । अब जाकर शिक्षा विभाग के ज्वाइन डायरेक्टर जमीन को देखने के लिए आए हैं उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट आगे दी जाएगी वहां से जगह सही होने पर बिल्डिंग बनने की आगे कार्रवाई हो पाएगी। 2 साल से भी अधिक का समय बीतने वाला है पर सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग बना तो दूर की बात है उसके लिए जमीन भी अभी तक फाइनल नहीं हो पाई इस वजह से उत्कृष्ट विद्यालय की कम जगह में ही स्कूल का संचालन हो रहा है। जगह की कमी के कारण छोटी क्लासों में तो प्रवेश हो ही नहीं रहे हैं बड़ी कक्षाओं में भी कम संख्या में ही विद्यार्थियों को एडमिशन दिया जा रहा है । दूसरी ओर जो सुविधा सीएम राइज स्कूल में मिलनी चाहिए वहा भी नहीं मिल पा रही है। हमारे सवंददाता के द्वारा भी लगातार सीएम राइज स्कूल के निर्माण और जमीन आवंटन को लेकर खबरों का प्रकाशन किया जा रहा है। जिसको लेकर तहसीलदार के द्वारा आरोन रोड पर एक जमीन क्षेत्रीय विधायक उमाकांत षर्मा के निर्देशों के बाद स्कूल के लिए बताई गई है। जिसका जायजा लेने के लिए शिक्षक विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर बीएस कुशवाह शुक्रवार को आया उन्होंने जो जमीन सीएम राइज स्कूल के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है। उसका भौतिक सत्यापन करने के लिए मौके पर पहुंचे आसपास का पूरा क्षेत्र देखा सभी जानकारी भी ली उनके साथ एसडीएम हर्षल चौधरी ,तहसीलदार संजय चौरसिया, वी ई ओ उमेश सोनी,स्कूल के प्राचार्य महेश ताम्रकार भी मौजूद थे। जो जमीन स्कूल के लिए स्थानीय स्तर पर फाइनल की गई है उस पर बिल्डिंग बनाने की आधारशिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सहमति के बाद ही आगे बढ़ पाएगी यह भूमि सभी मानकों पर खड़ी पाई जाएगी तभी यहां पर भवन के लिए शिक्षा विभाग से सहमति मिलने के बाद हो पाएगा। दूसरी ओर 40 करोड रुपए की राशि भवन निर्माण से लेकर सभी सुविधा सीएम राइज स्कूल में होनी है जो बड़े निजी स्कूलों में होती है स्विमिंग पूल से लेकर गार्डन नर्सरी से लेकर 12वीं तक स्कूल संचालित होगा इसमें अच्छे शिक्षकों के द्वारा अध्यापन करवाया जाएगा भवन बनने में देरी होने से निर्माण की लागत भी बढ़ रही है। इस बात का ध्यान भी क्षेत्र जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही भवन का निर्माण करवाया के लिए सभी कागजी खानापूर्ति पूर्ण करके काम शुरू करवाना चाहिए जितने जल्दी बनेगा उतने जल्दी ही इसका लाभ नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलने लगेगा।



### पौधारोपण भी किया

इस दौरान शिक्षा विभाग जॉइंट डायरेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर मॉडल स्कूल में पौधारोपण भी किया साथ उन्होंने कहा कि सभी लोग खाली स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने का काम करें जो आने वाले समय में पेड़ बनकर ताजी हवा प्रदान करेंगे आज पर्यावरण दूषित होने से ताजी हवा के लिए लोग तरस रहे हैं ।पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है पेड़ों को काटने का काम तो किया जाता है । उनको लगाने पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है यदि कहीं पौधारोपण हो जाता है तो उसकी देखभाल भी नहीं होती है । वहीं पौधारोपण का फायदा तभी मिलेगा जब उसकी देखभाल हमें अपने परिवार की तरह करनी होगी।

### इनका कहना है -

*हमने सीएम राइज स्कूल के लिए एक जमीन प्रस्तावित की है उसका जायजा के लिए शिक्षा विभाग के जॉइंट डॉक्टर आए थे । उनको उक्त भूमि फाइनल करनी है इसके बाद हम जमीन स्कूल के लिए हस्तांतरित करवाने की कार्रवाई करेंगे अभी जगह फाइनल नहीं हुई है।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम*

# तहसील परिसर की वाहन पार्किंग के लिए लगाए बेरिकेड्स

**सिरोंज ।** तहसील परिसर में अब अव्यवस्थित वाहन खड़े नहीं होंगे, इन्हें रोकने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने सख्ती के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कार्रवाई करते हुए तहसील परिसर में बेरीगेड लगवा दिए हैं। अब परिसर में मनमर्जी से वाहन खड़े नहीं किए जा

सकते हैं यदि बेरीकेड हटाकर कोई तहसील परिसर में वाहन खड़ा करता है तो जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मुख्य गेट पर मौजूद चौकीदार भी लोगों को हर कहीं वाहन खड़े करने से रोकेंगे टोकेंगे 7 इसके अलावा उन्हें व्यवस्थित जगह पर वाहन खड़े करवाने की जिम्मेदारी तय की गई है। अब तहसील परिसर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने से तहसील पहुंचने वाले लोगों को जाम से निजात मिलेगी। वही कई बार वहां अव्यवस्थित खड़े होने के कारण वाद विवाद की स्थिति देखने को मिलती थी। सिरोंज तहसील परिसर की अव्यवस्था सहित साफ सफाई को लेकर हम अधिवक्ता सहित क्षेत्र के किसान एवं अन्य लोग काफी परेशान थे, लेकिन अब साफ सफाई के साथ वाहन पार्किंग की व्यवस्था हो चुकी है, अधिवक्ता और टाइपराइटरों की टेबलों के बाहर लोग वाहन खड़े करते



थे जहां पर अब बेरियल लगाए गए हैं। परिसर साफ और सुंदर दिखाई दे रहा है, आए दिन होने वाले वाद विवाद से भी लोगों को राहत मलेगी।यही स्थिति नगर जनपद पंचायत और नगर पालिका कार्यालय परिसरों में अब भी अव्यवस्था तहसील परिसर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था होने से लोगों जहां राहत मिलती दिखाई पड़ रही है, तो वही शहर के अन्य शासकीय कार्यालयों में अभी भी अव्यवस्था का अंबार दिखाई पड़ रहा है, जिसमें सर्वप्रथम जनपद पंचायत कार्यालय स्थित परिसर में अव्यवस्थित खड़े वाहन लोगों के लिए हर दिन समस्या उत्पन्न वाहन पालिका के बाहर परिसर की है जहां पर लोग अपनी मनमर्जी से वाहन खड़े करते हैं। जिसके कारण सड़क के दोनों तरफ कई बार जाम की स्थिति बन जाती है और लोग परेशान होते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि थोड़ी सी भी व्यवस्था से समस्या हल हो सकती है।

**पार्किंग से हटकर अन्य जगह वाहन खड़े किए तो होगी कार्रवाई –** तहसील परिसर के मुख्य गेट पर रस्सी बांधकर करते हैं। जिसके कारण आए दिन वाद विवाद की स्थिति देखने को मिलती है, क्योंकि बाजार आने वाले लोग भी जनपद पंचायत परिसर में अपने वाहन खड़े करके चले जाते हैं, जिसके कारण अधिकारी एवं अपने कार्यो को लेकर आने वाले लोगों के वाहन फस जाते हैं और कई घंटे तक इंतजार करते रहते हैं। बेरिगेट लगाए गए हैं, जिससे की तहसील संबंधित अपने कार्यो को लेकर आने वाले किसान एवं अन्य लोग अपनी मनमर्जी से वाहन खड़े ना कर सके। इसके साथ ही चौकीदारों की तैनाती की गई है, जो आने वाले लोगों को बताएंगे कि कहां पर अपने वाहन खड़े करना है।

## पीएम विश्वकर्म योजना हेतु गठित जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक 15 को

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए गठित जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन 15 जुलाई को किया गया है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के पश्चात प्रारंभ होगी।जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र विदिशा द्वारा उपलब्ध कराई जानकारी के अनुसार उक्त जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति स्तर पर आवेदनों के सत्यापन हेतु अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी।

# 15 को विवाह एवं निकाह सम्मेलन, 26 फॉर्म जमा

**सिरोंज।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह निकाह लिए शुक्रवार तक 26 फॉर्म जमा हो चुके हैं। सम्मेलन की तारीख और आवेदन जमा करने के लिए काम समय होने करण सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ कई नहीं ले पाएंगे दूसरी ओर गलत लोग भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं उसके लिए जोड़ तोड़ प्रारंभ हो गई है । मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 15 जुलाई को विवाह एवं निकाह का आयोजन कृषि उपज मंडी के बेगम बाग में किया जाएगा। जिसको लेकर नगर पालिका कार्यालय और जनपद कार्यालय में फार्म जमा किए जा रहे हैं । फार्म जमा करने की तारीख 12 जुलाई है 4 दिन पहले ही सम्मेलन के लिए तारीख आई है कई लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं है। दूसरी ओर जनपद पंचायत तथा नगर पालिका परिषद के द्वारा निकाह और विवाह के लिए प्रचार प्रसार भी नहीं किया जा रहा है।



एसडीएम हर्षल चौधरी के द्वारा सामूहिक रूप से होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। मीडिया के द्वारा नगर पालिका तथा जनपद पंचायत से इसके संबंध में जानकारी देने का प्रश्न उठाया तो एसडीएम में तत्काल दोनों बिभागों को इसके संबंध में निर्देश दिए इसके बाद नगर पालिका परिषद के द्वारा प्रेस नोट जारी करके सम्मेलन के प्रचार प्रसार के लिए मीडिया से सहयोग मांगा तथा एलाउंसमेंट भी प्रारंभ किया है। नगर पालिका सीएमओ पवन शर्मा में प्रेस नोट जारी करके बताया 15 जुलाई को मुख्यमंत्री कन्या योजना के अंतर्गत विवाह और निकाह संपन्न होंगे पात्र हितग्राही 12 जुलाई तक नगर पालिका कार्यालय में फॉर्म जमा करके इस योजना का लाभ ले सकते है। जनपद पंचाय 18 ओर नगर पालिका में 8 जमा हुए हैं इस तरह कुल 26 आवेदन दिए प्राप्त हुआ है इनकी पहल जांच होगी।

**मेट्रो एंकर**

### राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2024 की तैयारी के लिए सेमिनार

# जिले में बेस्ट परफॉर्मर बनें शिक्षक: कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर वैद्यनाथ उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि वह अपना बेस्ट परफॉर्मेस छात्रों को दें ताकि छात्र राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण की तैयारी में खुद को झोंक दें। रविवार एवं अवकाश दिवसों में भी घंटा दो घंटा के लिए शाला खोलें और छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करें जिससे समाज में इसका अच्छा संदेश जाएगा तथा एक आदर्श के रूप में आपकी स्वीकार्यता बढ़ेगी। कलेक्ट ने इस बार जिले को टॉप 10 में लाने की अपील की। यह सर्वे प्रत्येक 3 वर्ष में देश के प्रत्येक जिले के चिन्हित शालाओं में किया जाता है। इस वर्ष नवंबर माह के द्वितीय सप्ताह में कक्षा तीन, छह और नवीं में अध्यनरत छात्रों पर यह सर्वे किया जाना है। इसके लिए योजना बद्ध रूप से जिले, ब्लॉक, क्लस्टर एवं शाला स्तर पर समुचित और समेकित प्रयास किए जाएं। सेमिनार में डीईओ, डाइट प्राचार्य, डीपीसी, समस्त एपुसी, समस्त डाइट के विकासखंड प्रभारी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी, समस्त जन शिक्षक एवं समस्त एस आरजी, डीआरजी मौजूद रहे।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन हुआ –** जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर श्री बुद्धेश वैद्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यूआईडीएआई प्रबंधक तथा जिला प्रबंधक ई गर्वनेंस के साथ ही इंडिया पोस्ट, महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएससी





सहित विभिन्न सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में यूआईडीएआई प्रबंधक तथा जिला प्रबंधक ई गर्वनेंस ने जिले में आधार से संबधित गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि जिले में उपलब्ध सभी आधार किटों को समयबद्ध तरीके से क्रियाशील किया जाये। जिले में आधार कार्ड नामांकन और अद्यतन की प्रक्रिया को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए जिनमें जिले में उपलब्ध सभी आधार किटों को समयबद्ध तरीके से क्रियाशील किया जाना, बच्चों के नए आधार नामांकन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की मोबाइल आधार किट से गांवों में शिविर, संबंधित तहसीलदार द्वारा 18 प्लस वयस्क नए आधार नामांकन सत्यापन मामलों का शीघ्र निपटान इत्यादि शामिल हैं। इसी क्रम में पीव्हीटीजी के लक्ष्य को भी शीघ्रता से केम्प आयोजित करने के निर्देश दिये गए।

निवासियों से अपील की गई है कि वे अपने 5-7 और 15-17 वर्ष की आयु के बच्चों के आधार में लंबित अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करा लें और आधार में अपने दस्तावेज अपडेट करा लें, यदि पिछले 10 वर्षों में एक भी बार अपडेट नहीं किया गया है। यूआईडीएआई प्रबंधक ने बताया कि निवासी यूआईडीएआई वेबसाइट पर अपने निकटतम आधार सेवा केंद्र का पता लगा सकते हैं। और साथ ही यह भी कहा कि 18 प्लस नए आधार नामांकन की सुविधा सभी डाकघरों और लोक सेवा केंद्रों में उपलब्ध है। बैठक के पश्चात यूआईडीएआई प्रबंधक द्वारा जिले के आधार ऑपरेटरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया एवं ऑपरेटर्स की आधार कार्य से सम्बंधित समस्याओं का निदान भी किया गया।

# ‘जिमी’ द ग्रेट की विदाई व उनके बेंचमार्क



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने टेस्ट करियर पर विराम लगा दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला।टेस्ट इतिहास की संख्या में दूसरे पायदान ( 188 टेस्ट ) पर रहने वाले एंडरसन उर्फ जिमी ने अपने 21 साल के कैरियर में 704 विकेट का मुकाम हासिल किया,जो वर्ल्ड के किसी भी तेज गेंदबाज ने हासिल नहीं किया।टेस्ट क्रिकेट में भी मात्र सचिन तेंदुलकर( 200 टेस्ट ) ही उनसे ज्यादा टेस्ट खेल सके हैं। भले ही वह टेस्ट मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले वर्ल्ड के गेंदबाजों की सूची में( मुरलीधरन 800,वार्न 708 )के बाद तीसरे स्थान पर रहे हों,लेकिन बतौर तेज गेंदबाज ऐसा कारनामा करने के मामले में वह चोटी पर विराजमान हैं। सच तो यह है कि किसी भी तेज गेंदबाज के लिए इतना लंबा अंतरराष्ट्रीय करियर ओर इतने टेस्ट मैच खेलना बेहद कठिन चुनौती कही जा सकती है। बतौर तेज गेंदबाज टेस्ट मैचों में संख्या और विकेट हासिल करने के मामले में उनके हम वतन स्टुअर्ट ब्रॉड ( 167 टेस्ट,604 विकट ) मात्र ही उनके इर्द गिर्द नजर आते हैं। वहीं अगर हम वर्ल्ड क्रिकेट के अन्य सफल तेज गेंदबाजों के करियर ओर विकटों पर गौर करें तो फिर ऑस्ट्रेलिया के मैकग्रा और



वेस्टइंडीज के वाल्श भी 500 से अधिक विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज रहे हैं लेकिन उनके टेस्ट मैचों की संख्या एंडरसन के मुकाबले काफी कम दर्ज है। वहीं इन सभी गेंदबाजों के स्ट्राइक रेट ओर इकोनॉमी रेट लगभग एक समान ही हैं।मतलब साफ है कि एंडरसन के लंबे करियर में उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी कतई नहीं रही है। सही मायने में वर्ल्ड क्रिकेट के गेंदबाजों खास तौर से तेज गेंदबाजों के लिए 42 साल के जिमी एक चैलेंज छोड़ कर जा रहे हैं, जिसको हासिल करना किसी भी गेंदबाज के लिए नामुमकिन भले ही न हो लेकिन यह आसान भी नहीं रहने वाला है। वैसे भी फटाफट क्रिकेट के दौर में 21 साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अपनी फिटनेस कायम रखते हुए टीम का हिस्सा बने रहना वो भी एक गेंदबाज के रूप में 42 साल की उम्र तक अबतो टेढी खीर ही नजर आती है। मतलब एकदम साफ है कि जिमी एंडरसन का यह कारनामा दोहराना अब किसी के बस की बात नही कही जा सकती है। इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज एंडरसन जिमी की विदाई से बस एक ही बात दिल से बार बार निकलती है कि ‘जिमी’ द ग्रेट....

# भारत-जिम्बाब्वे चौथा टी-20 मैच आज टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे

## अब तक भारत से सीरीज नहीं जीत सकी है मेजबान टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज चौथा मुकाबला आज खेला जाएगा। टीम इंडिया इस सीरीज में 2-1 से आगे है और आज का मैच जीतने के साथ ही सीरीज भी अपने नाम कर लेगी। जिम्बाब्वे भारत के खिलाफ अब तक एक भी टी-20 सीरीज नहीं जीत सका है। दोनों के बीच अब तक तीन सीरीज खेली गई, 2 भारत जीता जबकि एक ड्रॉ रही। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा टी-20 इंटरनेशनल में दो हजार पूरा करने से महज 17 रन दूर हैं। रजा अगर आज 17 रन बना लेते हैं तो वह जिम्बाब्वे की ओर से यह कारनामा करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।




### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग प्लेइंग-11

भारत ~ शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, ऋतुराज गायकवाड, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान और खलील अहमद। जिम्बाब्वे ~ सिकंदर रजा (कप्तान), तदिवनाशे मरुमानी, वेसले मधवरे, ब्रायन बेनेट, डायन मायर्स, जोनाथन कैंपबेल, क्लाइव मदांदे, वेलिंगटन मसाकाद्जा, रिचर्ड नगारावा, ब्लेसिंग मुजरबानी और तेंदाई चतारा।

### टॉस का रोल और पिच रिपोर्ट

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अब तक 44 टी-20 इंटरनेशनल मैच हुए हैं। जिसमें अब तक 26 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। लेकिन यहां के 24 मैच में किसी भी टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला लिया है। यहां टॉस जीतने के बाद मैच जीतने के चांस 54.55त्न है। हरारे की पिच दोनों बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए फायदेमंद हैं। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकती हैं। शनिवार को हरारे का मौसम काफी अच्छा रहेगा। शाम को मौसम खुशनुमा रहने की उम्मीद है और तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। बारिश की कोई आशंका नहीं है। इस दिन यहां का तापमान 25 से 9 डिग्री सेल्शियस की बीच रहेगा।

## पहला टेस्ट मैच - मेजबान टीम ने वेस्टइंडीज को पारी और 114 रन से दी शिकस्त

**लंदन.** इंग्लैंड ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से यहां खेले गए पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को पारी और 114 रन से करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड ने पहली पारी में 371 रन बनाए थे। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 121 और दूसरी पारी में 136 रन ही बना सकी। इस जीत से इंग्लैंड ने अपने दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को जीत से शानदार विदाई दी। इसके साथ ही एंडरसन के 21 साल के स्वर्णिम युग का भी समापन हो गया। वहीं, इंग्लैंड ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त भी कायम कर ली। इंग्लैंड के पेसर गस एटकिंसन ने अपने पदार्पण में कमाल किया और प्लेयर ऑफ द मैच बने। एटकिंसन ने मैच में कुल 12 विकेट चटकाए। उन्होंने पहली पारी में 45 रन देकर सात जबकि दूसरी पारी में 61 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। आठवें गेंदबाज बने ~ एटकिंसन पदार्पण टेस्ट मैच में 10 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले कुल आठवें गेंदबाज बन गए हैं। वह 1976 के बाद यह कमाल करने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज हैं। 41 वर्षीय एंडरसन ने इस टेस्ट मैच के साथ अपने दो दशक पुराने करियर का समापन किया। अपने विदाई टेस्ट में एंडरसन ने चार विकेट चटकाए और अपने टेस्ट विकटों का आंकड़ा 704 तक पहुंचाया। उन्होंने पहली पारी में एक और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। एंडरसन ने लॉर्ड्स पर 22 मई 2003 को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट पदार्पण किया था और इसी मैदान पर उन्होंने करियर का आखिरी टेस्ट खेला। जेम्स एंडरसन टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज हैं। इस सूची में शीर्ष पर श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) और उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न (708) हैं। इन तीनों गेंदबाजों के नाम ही टेस्ट इतिहास में 700 से ज्यादा विकेट हैं।

### जोकोविच-अल्कारेज लगातार दूसरी बार विंबलडन फाइनल में

## जोकोविच ने मुसेट्टी व अल्कारेज ने मेदवेदेव को हराया

**पेरिस, एजेंसी**

विंबलडन 2024 ( टेनिस टूर्नामेंट ) के फाइनलिस्ट तय हो गए हैं। मेंस सिंगल्स में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्कारेज का सामना सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच से होगा। दोनों लगातार दूसरी बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे। फाइनल मुकाबला 14 जुलाई को लंदन के सेंटर कोर्ट में खेला जाएगा। पिछले साल टूर्नामेंट के फाइनल में अल्कारेज ने जोकोविच को हराकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। दुनिया के नंबर-3 खिलाड़ी अल्कारेज ने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-5 डेनियल मेदवेदेव को 6-7,



6-3, 6-4, 6-4 से हराया। दूसरे सेमीफईनल में वर्ल्ड नंबर-2 जोकोविच ने इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को सीधे सेटों में 6-4, 7-6, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारत को 17 साल बाद दूसरा टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा विंबलडन 2024 का पहला सेमीफाइनल देखने पहुंचे। इस मैच में अल्कारेज ने डेनियल मेदवेदेव को हराया। विंबलडन के आधिकारिक अकाउंट से रोहित शर्मा की फोटो शेयर की गई है, जिसमें लिखा है, वेलकम टु विंबलडन रोहित शर्मा।

## भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच की दौड़ में मोर्कल आगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आइपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स में गौतम गंभीर संग काम कर चुके दक्षिण अफ्रीका के 39 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर मोर्न मोर्कल टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच की दौड़ में बने हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, नवनियुक्त कोच गंभीर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से गेंदबाजी कोच के तौर पर मोर्कल के नाम पर विचार करने का आग्रह किया है। पूर्व पाकिस्तानी कोच मोर्कल से इसको लेकर एक दौर की वार्ता हो चुकी है।

### चैंपियंस ट्रॉफी: पूर्व पाक कप्तान ने की गुजारिश

## पाकिस्तान आने पर विराट को मिलेगा प्यार अपार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे को लेकर उठ रही तमाम आशंकाओं के बीच पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारत से पाकिस्तान का दौरा करने की गुजारिश की है। अफरीदी ने कहा, जब पाक ने भारत का दौरा किया था, तब हमें वहां बहुत प्यार और सम्मान मिला था। विराट कोहली जब पाकिस्तान आएंगे तो भारत के



प्यार और मेहमान नवाजी को भूल जाएंगे। अफरीदी ने कहा कि पाकिस्तान में भी विराट के काफी प्रशंसक हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## कुछ लोग खाना खाने आ जाते हैं..., सोनाक्षी सिन्हा ने शादी में बिन बुलाए मेहमानों पर कसा तंज

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून को अपने चाहने वालों की मौजूदगी में शादी कर ली। बांद्रा में अंतरंग समारोह शहर में चर्चा का विषय था, और इसके बाद बास्टियन में एक शादी का जश्न हुआ, जिसमें कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। अब एक हालिया इंटरव्यू में सोनाक्षी ने अपनी शादी की पार्टी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। अभिनेत्री ने पुष्टि की कि पार्टी में कुछ गेटक्रैशर्स यानी बिन बुलाए मेहमान भी मौजूद थे। एक इंटरव्यू में सोनाक्षी सिन्हा ने गेटक्रैशर्स की मौजूदगी की पुष्टि की। उन्होंने कहा, यहां-वहां वेडिंग क्रैशर्स भी थे, लेकिन मैं अच्छा समय बिताने में बहुत व्यस्त थी। मुझे खुशी है कि उन्होंने भी अच्छा समय बिताया। हर शादी, चाहे वह बड़ी हो या छोटी, लोग उसमें खलल डालते हैं। कुछ लोग आ जाते हैं खाना खाने। एक अंतरंग समारोह में अपनी शादी की योजना के बारे में, सोनाक्षी ने कहा, एक अंतरंग शादी की योजना हमेशा से थी। हम दोनों हमेशा से ऐसी ही शादी चाहते थे। जहीर और मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि हमारी शादी में हमारे बीच का बंधन और एक-दूसरे के प्रति हमारा प्यार प्रतिबिंबित होना चाहिए। गेटक्रैशर्स की अटकलों को सबसे




पहले ट्रांस मॉडल और अभिनेता सुशांत दिवगित ने इंगित किया था, जो पार्टी में मौजूद थे। पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी ने लिखा, अभी हाल ही में एक सेलिब्रिटी की शादी में कई लोगों के गेट क्रैश की कोशिश करने का अनुभव हुआ, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि लोग पूरी तरह से तैयार होंगे, ऐसा दिखावा करेंगे जैसे कि वे आमंत्रित हैं और फिर चुपचाप अंदर आ जाएंगे!! किस खुशी के लिए? तो आप प्रवेश कर सकते हैं और बस कुछ रीलें बना सकते हैं? इस पर सोनाक्षी ने हंसने वाला इमोजी ड्रॉप किया था। सोनाक्षी सिन्हा की नवीनतम रिलीज हॉरर कॉमेडी काकूदा है, जिसमें रितेश देशमुख और साकिब सलीम भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म आज जी5 पर रिलीज हो गई है। काकूदा को समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

## ‘हीरो-हीरोइन’ से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं ईशा

इन दिनों देओल परिवार के सितारे फिल्म इंडस्ट्री में काफी सक्रिय हैं। बॉबी देओल एनिमल के बाद कई अन्य आगामी फिल्मों का हिस्सा हैं। उनके बड़े भाई सनी देओल ने भी गदर 2 के साथ शानदार वापसी की है और हाल में ही बॉर्डर 2 की घोषणा भी की है। अभिनेत्री ईशा देओल भी बीते कुछ वर्षों में काफी सक्रिय रही हैं। वो साल 2021 में आई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म एक दुआ, साल 2022 में रुद्र और साल 2023 में हंटर में नजर आई थीं। अब वह जल्दी ही तेलुगु सिनेमा में फिल्म हीरो-हीरोइन से डेब्यू करने वाली हैं। तेलुगु फिल्म में डेब्यू को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि उनके दिल में साउथ को लेकर हमेशा से एक खास जगह रही है। वह दिल से काफी ज्यादा उनके जैसे ही हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म हीरो-हीरोइन को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा, इस फिल्म में बहुत रोमांस है। यह एक बहुत ही जीवंत और ताजा प्रेम कहानी है। तेलुगु सिनेमा इस समय काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है और यहां काम करने का यह सबसे सही समय है। अपने करियर को लेकर उन्होंने कहा कि अभिनय उनका जुनून है। उन्होंने इससे पहले जो भूमिकाएं की हैं, वो सब एक तरह के ही किरदार रहे हैं, लेकिन अब समय भी बदल गया है और जिस तरह की फिल्में बनाई जा रही हैं, उनमें भी बदलाव आ गया है।



## आमिर खान की ‘3 इडियट्स’ को द एकेडमी से मिली तारीफ



राजकुमार हिरानी की फिल्म ‘3 इडियट्स’ एक बेहद लोकप्रिय फिल्म है। अब एक बार फिर 15 वर्षों के बाद ये फिल्म चर्चा में आ गई है। हाल में ही द एकेडमी ने फिल्म के एक सीन को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। थ्री इडियट्स फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाली फिल्मों में से एक है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने सफलता की नई कहानी लिखी थी। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। साल 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शक आज भी बड़े चाव से देखना पसंद करते हैं। अब ये फिल्म एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। अब इस फिल्म के एक दृश्य को द एकेडमी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। थ्री इडियट्स राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। इसे अब द एकेडमी के तरफ से भी पहचान मिली है। द एकेडमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने आमिर खान, शरमन जोशी और आर माधवन अभिनीत इस फिल्म से जुड़ी एक क्लिप साझा की है। इस सीन में फिल्म के तीनों मुख्य किरदार परीक्षा हॉल में आधे घंटे की देरी से आते हैं और देर तक परीक्षा लिखते रहते हैं, जिसके बाद निरीक्षक पेपर लेने से मना कर देता है, लेकिन यहां आमिर का किरदार अपने दोस्तों के पेपर को सैकड़ो अन्य उत्तर वाले पेपर्स में मिला कर भाग जाता है। इस क्लिप को साझा करते हुए द एकेडमी के द्वारा कैप्शन में लिखा गया है, रैंचो ने अपनी बुद्धिमता का यहां सौ प्रतिशत उपयोग किया है। फैंस इस फिल्म को द एकेडमी के तरफ से मिली प्रशंसा से काफी खुश हैं। फैंस ने भी इस पोस्ट पर काफी प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, सच कहूं तो यह फिल्म हॉलीवुड फिल्मों से कहीं ज्यादा ऑस्कर की हकदार है। वहीं एक अन्य फैन ने लिखा, सिर्फ एक क्लिप ही नहीं, ये पूरी फिल्म बहुत कमाल की है। इसके अलावा एक और फैन ने लिखा, इस फिल्म ने हम सभी को पढ़ाई के प्रति एक अलग नजरिया दिया है।



**मेट्रो बाजार**

## यात्री वाहनों की बिक्री अप्रैल-जून तिमाही में 10 लाख पार

### 18 फीसदी बढ़कर संख्या 6 लाख 45 हजार से ज्यादा



**नईदिल्ली, एजेंसी**

यूटिलिटी गाड़ियों की जबरदस्त मांग के दम पर देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में पहली बार 10 लाख के पार पहुंच गई। इस अवधि में कुल 10,26,006 यात्री वाहन बिके। यह आंकड़ा 2023-24 की समान तिमाही में बिके 9,96,565 इकाइयों की तुलना में 2.95 फीसदी अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ( सियाम ) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में 3,41,293 यात्री कारें बिकीं। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान तिमाही में बिकीं 4,13,723 इकाइयों की तुलना में 17 फीसदी कम है। वैन की बिक्री सालाना आधार पर 9 फीसदी बढ़कर 38,919 इकाई पहुंच गई। यात्री वाहनों की कुल रिकॉर्ड बिक्री में यूटिलिटी गाड़ियों का 63 फीसदी योगदान रहा। अप्रैल-जून तिमाही में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 18 फीसदी की मजबूत वृद्धि के साथ 6,45,794 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह आंकड़ा 5,47,194 इकाई था। अप्रैल-जून तिमाही में सभी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री 16 फीसदी बढ़कर 64 लाख के पार पहुंच गई। दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 20 फीसदी बढ़कर 49,85,631 इकाई के स्तर पर पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 14 फीसदी बढ़कर 1,65,081 इकाई पहुंची। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 3.5 फीसदी बढ़कर 2,24,209 इकाई पहुंची। यात्री वाहनों ( पीवी ) की थोक बिक्री जून में तीन फीसदी बढ़कर 3,37,757 इकाई?पहुंच गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 21 फीसदी बढ़कर 16,14,154 इकाई पहुंची। इस दौरान कुल 53,025 तिपहिया वाहन बिके, जो 12 फीसदी ज्यादा है।

## गोल्ड ईटीएफ में 3,186 करोड़ बढ़ा निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में जून 2024 में जबरदस्त तेजी आई। पिछले महीने सेंसेक्स-निफ्टी में जहां 7 फीसदी की तेजी आई। वहीं छोटी कंपनियों वाले निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 9.7 फीसदी उछल गए। बाजार की इस तेजी का फायदा उठाने के लिए लोगों ने इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में एसआइपी के जरिए जमकर निवेश किया। एम्फी की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश 17 फीसदी बढ़कर 40,608 करोड़ रुपए की रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, वहीं एसआइपी के जरिए होने वाला निवेश भी पहली बार 21,000 करोड़ रुपए के पार निकल गया। निवेशकों ने जून में बड़ी कंपनियों यानी लार्जकैप में भी खूब निवेश किया। लार्जकैप फंड्स में निवेश 46त्न बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 970 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं स्मॉलकैप में निवेश 16 फीसदी और मिडकैप में 3 फीसदी घटा। कोटक महिंद्रा एएमसी के हर्ष उपाध्याय ने कहा, छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों का मूल्यांकन बड़ी कंपनियों के मुकाबले ज्यादा बढ़ा है। इस वजह से अब निवेशक अपने जोखिम को कम करने के लिए अब लार्जकैप पर दांव लगा रहे हैं। जून में एसआइपी से म्यूचुएल फंड्स में रेकॉर्ड 21,262 करोड़ रुपए का निवेश आया। सोने की कीमतें मई 2024 के रेकॉर्ड हाई से जून में करीब 2,000 रुपए प्रति 10 ग्राम नीचे आई, लेकिन घरेलू स्तर पर गोल्ड ईटीएफ में निवेश कम होने का नाम नहीं ले रहा। इक्विटी और हाइब्रिड फंड्स के साथ जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ में भी जमकर निवेश हुआ।

# शराबी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### दाह संस्कार की तैयारी में जुटे थे परिजन, पुलिस ने शव किया बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित समसपुरा में शुक्रवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह शराब पीने का आदी था। शराब पीकर सोया था। सुबह उसकी नींद नहीं खुली। परिजन उसके दाह संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजन को पीएम कराने की समझाइश दी थी। शनिवार को शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार बृजेश कुमार पिता श्यामलाल (36) गांव समसपुरा, रातीबड़ में रहता था और शराब पीने का आदी था। करीब दस बारह साल से वह शराब पी रहा था। नशे में रहने के कारण वह खाना भी ठीक से नहीं खाता था। वह शारीरिक रूप से कमजोर हो गया था। परिजन ने बताया कि गुरुवार रात वह शराब पीकर घर लौटा था। शुक्रवार सुबह उसकी नींद नहीं खुली। परिजन ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन जानते थे कि अत्यधिक शराब पीने के कारण उसकी मौत हुई है और वह उसके दाह संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी बीच दोपहर करीब ढाई बजे पुलिस को सूचना मिली और पुलिस मौके पर पहुंची थी। इसके बाद शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया।


## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शाहपुरा में रहने वाले एक युवक ने गुरुवार देर रात घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक अश्विनी (22) इंद्रानगर मल्टी शाहपुरा में रहता था और पुताई का काम करता था। नशे की लत के चलते परिवार वाले उसे नशा छोड़ने की समझाइश देते थे। गुरुवार रात वह घर पहुंचा और सीधे अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजन की नजर पड़ी तो उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

## महिला ने मालिक पर दर्ज कराई दुष्कर्म एफआईआर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



ईंटखेड़ी इलाके में एक महिला ने अपने मालिक के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि मालिक उसके साथ पांच साल से दुष्कर्म कर रहा था। वह वीडियो बनाकर वायरल की धमकी देता था। आरोपी पोलियो ग्रस्त है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय ईंटखेड़ी इलाके में परिवार के साथ रहती है। वह कस्तूरी हाइट्स में शेर सिंह मालवीय के यहां वर्ष 2019 से झाड़ू-पोंछा के साथ खाना बनाने का काम कर रही थी। शेर सिंह की पत्नी की काफी समय पूर्व देहांत हो चुका है। वह यहां अकेले रहते हैं और पोलियो ग्रस्त हैं। वह निजी काम करते हैं। महिला का आरोप है कि 20 नवंबर 2019 से आरोपी शेर से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। वह वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देता था, जिससे महिला चुप रही। इस बीच आरोपी ने उसके दो लोन पास कराए। एक लोन का पैसा भी नहीं दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शेर सिंह मालवीय के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दुर्घटना: ऑटो की टक्कर से स्कूटर सवार युवक घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो।




गौतम नगर थाना क्षेत्र में एक आटो चालक ने स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में स्कूटर भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार अनिल अहिरवार शंकर नगर करोंद थाना निशातपुरा में रहता है और मजदूरी करता है। बुधवार की शाम को वह अपनी स्कूटर लेकर काम से घोड़ा नक्कास गया था। रात करीब साढ़े 9 बजे घर लौटते समय अनिल बैरसिया रोड स्थित बजाज शोरूम के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे सवारी आटो चालक ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अनिल सड़क पर गिरकर घायल हो गया, जबकि स्कूटर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में टक्कर मारने वाले आटो चालक ने ही उसे घर तक पहुंचाया। उस वक्त काफी चोट और दर्द होने के कारण वह रिपोर्ट कराने नहीं पहुंचा। अगले दिन गुरुवार को अनिल ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले आटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

**ऑटो चालक से मारपीट कर कांच तोड़ा:** बजरिया इलाके में तीन युवकों ने ऑटो चालक के साथ मारपीट कर नुकीले हथियार से हमला कर दिया और आटो का कांच फोड़ दिया. पुलिस के मुताबिक शिवम वर्मा (27) द्वारिका नगर बजरिया में रहता है और सवारी आटो चलाता है। बुधवार की रात करीब पौने दस बजे वह गली नंबर सात के सामने खड़ा था, तभी निखिल उर्फ पोलार्ड, हेमंत और एक अन्य उसके पास पहुंचे. निखिल ने बोला तुम्हारे आटो में मोबाइल छूट गया है। इस पर शिवम ने मोबाइल वापस कर दिया। इस पर तीनों उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। शिवम ने गाली देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इसी बीच एक युवक ने किसी नुकीली चीज से उसके गले पर मारा। इतना ही नहीं आरोपियों ने शिवम के आटो का कांच भी फोड़ दिया। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। उसके बाद तीनों आरोपी वहां से भाग निकले।

## कार चालक के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

एक्सीडेंट में हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। धनवीर सिंह राजपूत ग्राम सेमरी खुर्द बैरसिया में रहते हैं। वह दोस्तों अनिल नागर, राजेंद्र सिंह सोलंकी व प्रतीक पोल के साथ बैरसिया से महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन जाने के लिए निकले थे। कार राजेंद्र सिंह चला रहा था. रात दो बजे कार रमपुरा बालाचोन के पास पहुंची, तभी जानवर को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जाकर टकरा गई। पैसेंजर सीट पर बैठे प्रतीक पोल को ज्यादा चोट आई थी। सभी को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने चेक करने के बाद प्रतीक पोल को मृत घोषित कर दिया।

# इटारसी स्टेशन से अपहृत चार माह का बच्चा बिहार से बरामद

## आरोपी दंपति गिरफ्तार, मानव तस्करी की धाराएं बढ़ाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। इटारसी रेलवे स्टेशन से अपहृत हुए 4 महीने के अबोध बच्चे को बिहार के किशनगंज से सकुशल बरामद कर लिया गया। इस मामले में बच्चे का अपहरण करने वाले दंपति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूर्व में भी बच्चों के अपहरण को लेकर पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ मानव तस्करी की धाराएं भी बढ़ाई जा रही हैं।**



जीआरपी के अनुसार प्रीति ओझा (28) ग्राम सिराली जिला हरदा की रहने वाली है। बीती 7 जुलाई को वह अपनी बहन के साथ हरदा से इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंची थी। यहां प्लेटफार्म क्रमांक-1 स्थित सीढ़ियों के सामने चबूतरे के पास अपने 4 महीने के बालक को लेकर सो गई। नींद खुली तो उसका बेटा नहीं था। जीआरपी इटारसी ने प्रीति की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रेल मृगाखी डेका और उप पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह कुल्हाड़ा के निर्देश पर थाना प्रभारी रामस्नेह चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाकर बालक की तलाश में लगाया गया। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने और मुखबिरों से पूछताछ करने पर पता चला कि संदेही बालक को लेकर दानापुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस में सवार होकर बिहार की तरफ गए हैं। किशनगंज बिहार से बरामद हुआ बालक जीआरपी की एक टीम तत्काल ही बिहार के लिए रवाना की गई। टीम ने किशनगंज बिहार पहुंचकर एक दंपति के पास से अपहृत बालक को सकुशल बरामद कर लिया। अबोध बालक को इटारसी लाकर उसकी मां के सुपुर्द किया गया। इस दौरान चार दिनों में मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। जीआरपी ने इस मामले में अपहरण करने वाले आरोपी सुमन करोड़ी (25) निवासी पूर्णिया बिहार और उसकी पत्नी बसंती देवी (22) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अन्य बच्चों के अपहरण को लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही उनके खिलाफ मानव तस्कीर की धाराएं भी बड़ाई जा रही हैं।

### कोतवाली पुलिस ने 5 घंटे में बालक को तलाशा

भोपाल। कोतवाली इलाके से लापता हुए एक नाबालिग लड़के को पुलिस ने पांच घंटे के भीतर तलाश कर परिजन के सुपुर्द किया है। बालक कोतवाली से पैदल चलते हुए करोंद तक पहुंच गया था। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाले एक परिवार ने सूचना दिया कि उनका 13 साल का बालक घर से बिना बताए कहीं चला गया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी काशीराम कुशवाह ने बालक की तलाश में दो अलग-अलग टीमें बनाई थी। पुलिस टीमों ने पुरानी कोतवाली स्थित घटनास्थल से सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू किए तो बालक पैदल जाते हुए दिखाई दिया। कैमरों की चैन बनाकर पुलिस टीम करोंद चौराहा निशातपुरा पहुंची तो लापता बालक मिल गया। उसे संरक्षण में लेने के बाद सकुशल परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

# 14 जुलाई से 9 अगस्त तक पुल बोगदा पर ट्रैफिक रहेगा बंद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

### मेट्रो निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट



मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के चलते पुल बोगदा के पास नया मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य किया जाना है। इसके पुल बोगदा पर आने वाले तीनों तरफ के मार्ग को बंद कर दिया जाएगा। 14 जुलाई से 9 अगस्त तक पुल बोगदा का ट्रैफिक बंद रहेगा। लोगों को असुविधा से बचाने ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है।

**प्रतिबंधित मार्ग :** भारत टॉकीज से बोगदा पुल होकर प्रभात चौराहा तक। जिंसी धर्मकांटा से बोगदा पुल होकर प्रभात चौराहा तक। प्रभात चौराहा से (बोगदा पुल होकर) जिंसी धर्म कांटा तक एवं भारत टॉकीज तक।

**इन मार्गो से करें आवागमन :** प्रभात चौराहा से बोगदा पुल होकर भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 की ओर आवागमन करने के लिए प्रभात चौराहा, परिहार चौराहा (अशोका गार्डन) - 80 फीट रोड-स्टेशन बजरिया तिराहा-भारत टॉकीज ओव्हर ब्रिज-संगम टॉकीज तिराहा होकर भारत टॉकीज एवं रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार भारत टॉकीज अथवा रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 6 से प्रभात चैराहा की ओर आवागमन करने के लिए संगम टॉकीज तिराहा-भारत टॉकीज ओव्हर ब्रिज-स्टेशन बजरिया तिराहा-80 फीट रोड-परिहार चैराहा( अशोका गार्डन) से प्रभात चौराहा की ओर आवागमन कर सकेंगे। मैदा मिल रोड से जिंसी धर्म कांटा होकर भारत टॉकीज की ओर आवागमन करने वाले वाहन मैदा मिल रोड, स्लाटर हाउस, जिंसी धर्म कांटा, जिंसी पुलिस चौकी, नीम वाली सड़क से शिव मंदिर, पुल पात्रा से भारत टॉकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार भारत टॉकीज से मैदा मिल रोड की ओर आवागमन करने के लिए भारत टॉकीज, पुल पात्रा, शिव मंदिर, नीम वाली सड़क, जिंसी पुलिस चैकी, जिंसी धर्म कांटा, स्लाटर हाउस होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे।

## हड़ताल: स्थाई अधिकारी की मांग, सोमवार को होगा फैसला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** चार दिन से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में काम बंद हड़ताल के चलते परेशान हो आवेदकों ने यहां आना ही बंद कर दिया है। शुक्रवार को गिनती के आवेदक कार्यालय आए लेकिन उनकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप को पत्र लिखा है। विधायक ने मंत्री से मांग की है कि अस्थाई रूप से पदस्थापना पाने के बाद से एआरटीओ जितेंद्र शर्मा लगातार विवादों में घिरे हुए हैं।

## वायरल वीडियो पर पुलिस ने लिया संज्ञान




भोपाल, दोपहर मेट्रो।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें यह दिखाया जा रहा है कि सीएम के काफिले की वजह से आटो में बैठी एक महिला अपनी बच्ची के ईलाज के लिए बिलखती रही। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि उक्त आटो जयप्रकाश अस्पताल की तरफ से बच्ची का इलाज कराकर ही आ रहा था, जिसे न्यू मार्केट की ओर जाना था। उस वक्त किसी प्रकार की आपात स्थिति नहीं थी। बच्ची और उसकी मां को वापस घर जाना था, जिनका इलाज हो चुका था। चूंकि न्यू मार्केट की ओर ही मुख्यमंत्री के कारकेड का मूवमेंट हो रहा था, इस आटो को केवल कारकेड गुजरने के दौरान 1-2 मिनिट के लिए ही रोका गया गया था। कारकेड निकलने के तत्काल बाद ही आटो को सुरक्षित अपने गंतव्य की ओर जाने दिया गया था। यह वीडियो किसी शरारती तत्व के द्वारा अनावश्यक रूप से छवि खराब करने की दृष्टि से वायरल करना प्रतीत होता है। पुलिस वीडियो वायरल करने वाले का पता लगा रही है।

**मेट्रो एंकर** कानूनों के नवीन प्रावधानों के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की दी जानकारी

# पुलिसकर्मियों ने तीन नए कानूनों का प्रशिक्षण लिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। देशभर में 1 जुलाई से नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो चुका है। इन सभी कानूनों के नवीन प्रावधानों व विवेचना के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में भोपाल स्थित पुलिस परिवहन शोध संस्थान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

शुक्रवार को महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजी महिला सुरक्षा शाखा प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विधि अधिकारी अजाक विजय बंसल को पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर आईजी हिमानी खन्ना और एआईजी किरणलता केरकेट्टा उपस्थित रहीं। एडीजी महिला सुरक्षा शाखा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों से कहा कि हम जब भी कोई प्रकरण दर्ज करें या नोटशीट तैयार करें तो हमें पता होना कि नए कानूनों के अनुसार किस तरह की प्रक्रिया अपनाई जाएं और किन बदली हुई धाराओं और कार्यप्रणाली का प्रयोग किया जाए। हमें यह पता होना चाहिए कि नए कानूनों में क्या परिवर्तन हुए हैं।

### आईपीसी 511 धाराएं थी, न्याय संहिता 358:

प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिसकर्मियों को नए कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। तीनों कानूनों में किए गए बदलाव कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता और विधि अधिकारी अजाक विजय बंसल ने बताया कि आईपीसी में 511 धाराएं थी, जिन्हें भारतीय न्याय संहिता में घटाकर 358 कर दिया गया है. साथ ही सभी परिभाषाएं एक ही जगह लिखी गई हैं। बीएनएस में 21 नए अपराध जोड़े गए हैं और 41 अपराधों में सजा की सीमा बढ़ाई गई है। बीएनएस में 62 मुख्य बदलाव किए गए हैं। वहीं इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले सभी अपराधों को अध्याय-5 में स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सीआरपीसी में 484 सेक्शन थे, जिन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में बढ़ाकर 531 कर दिया गया है। बीएनएसएस में कुल 177 प्रावधान बदले गए हैं। इसमें 9 नई धाराओं के साथ-साथ 39 नई उपधाराएं भी जो?ी गई हैं साथ ही कुल 14 धाराएं निरस्त और हटा दी गई हैं। इसी प्रकार पहले एविडेंस एक्ट में 167 सेक्शन थे, जिन्हें भारतीय साक्ष्य अधिनियम में बढ़ाकर 170 कर दिया गया है। साथ ही 24 सेक्शन में बदलाव किया गया है। राजद्रोह की जगह देशद्रोह मॉब लिंचिंग को परिभाषित करते हुए इसके लिए भी कड़े कानून बनाए गए हैं।

### मृत्युदंड या आजीवन कारावास तक की सजा तय:

अब इसके लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास तक की सजा तय की गई है। अंग्रेजों द्वारा अपने शासन की रक्षा के लिए बनाए राजद्रोह के कानून को पूर्णत~समाप्त करते हुए भारत सरकार की जगह भारतज् की एकता, अखंडता व संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वाले अपराध को देशद्रोह घोषित किया गया है. देश के बाहर भी भारत की किसी भी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और बम विस्फोट करने को आतंकवादी कृत्य माना जाएगा। नए कानून में आतंकवाद को विधिवत परिभाषित करते हुए गंभीर अपराध घोषित कर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है. वहीं दस्तावेज के रूप में डिजिटल व इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को भी शामिल किया गया है. तलाशी व जब्ती की प्रक्रिया की वीडियो-ऑडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य की गई है। उन्होंने बताया कि 7 साल से अधिक सजा के मामलों में फोरेंसिक साक्ष्य एकत्रीकरण के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञ का अपराध स्थल पर दौरा अनिवार्य है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022